इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

VINIRMIT ASSOCIATES & CONSTRUCTION
« WE BUILD TRUST »
OUR SERVICES
- BUILDING PLANNING, 2D & 3D DESIGNING
- CONSTRUCTION & SUPERVISION WORK.
- BUILDING PERMISSION & DIVERSION.
- CIVIL CONSULTANT & FINANCE ADVISOR & PROVIDER.
- TOWN & COUNTRY PLANNING & LAY OUT WORK.

Er. SAGAR HARIHARNO
B.E.(Civil), Town Planner
0 81036-51143

Er. SAHIL HARIHARNO
B.E.(Civil) M.Tech (Structure)
0 97709-50370

OFFICE ADD. : SHRISHTI COLONY, KAMLA COLLEGE ROAD, RAJNANDGAON (C.G.)



## पीएम मोदी ने कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमले की निंदा की; कहा- राजनयिकों को डराने-धमकाने की कोशिश भयावह

नई दिल्ली। कनाडा में हिंदू मंदिरों पर हुए हमले को लेकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सख्त लहजे में प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि ऐसे कृत्य भारत के संकल्प को कमजोर नहीं करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि कनाडा में हिंदू मंदिर पर जानबूझकर हमला किया गया है और वह इसकी निंदा करते हैं।

पीएम मोदी ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'मैं कनाडा में एक हिंदू मंदिर पर जानबूझकर किए गए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हमारे राजनयिकों को डराने-धमकाने की कायरतापूर्ण कोशिशें भी उतनी ही भयावह हैं। हिंसा के ऐसे कृत्य कभी भी भारत के संकल्प को कमजोर नहीं करेंगे। हम कनाडा सरकार से न्याय सुनिश्चित करने और कानून के शासन को बनाए रखने की उम्मीद करते हैं।'



### भारतीय उच्चायोग ने की थी हमले की निंदा

घटना पर ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी और कहा था कि ये बेहद परेशान करने वाला है। उच्चायोग ने कहा कि स्थानीय सह-आयोजकों के पूर्ण सहयोग से हमारे वाणिज्य दूतावासों द्वारा आयोजित किए जा रहे नियमित कांसुलर कार्य के लिए इस तरह के व्यवधानों को अनुमति देना बेहद निराशाजनक है। हम भारतीय नागरिकों सहित आवेदकों की सुरक्षा के लिए भी बहुत चिंतित हैं, जिनकी मांग पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

उच्चायोग ने ये भी कहा कि इन घटनाओं और भारतीय राजनयिकों को मिल रही धमकियों के मद्देनजर अब जो भी निर्धारित वाणिज्य दूतावास शिविरों का आयोजन होगा वो केवल स्थानीय अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था पर ही निर्भर करेगा। उच्चायोग ने अपने बयान में ये भी कहा कि यदि इस तरह के व्यवधानों के कारण कोई शिविर आयोजित नहीं किया जाता है, तो उन सेवाओं को प्रदान करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। हालांकि, इन सेवाओं के स्थानीय उपयोगकर्ताओं को असुविधा पहुंचा सकती हैं।

### हिंदू मंदिर को बनाया गया था निशाना

इससे पहले कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू महासभा मंदिर को खालिस्तान समर्थकों ने निशाना बनाया था। चरमपंथियों ने हिंदू भक्तों पर भी हमला किया। हमलों के बाद, कनाडा में हिंदू समुदाय के लिए काम करने वाले एक गैर-लाभकारी संगठन हिंदू कैनेडियन फाउंडेशन ने मंदिर पर हमले का एक वीडियो साझा किया और कहा कि खालिस्तानी आतंकवादियों ने बच्चों और महिलाओं पर हमला किया।

## भारतीय सड़क कांग्रेस अधिवेशन में शामिल होंगे केंद्रीय मंत्री गडकरी, आस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया सहित कई देशों के विशेषज्ञ लेंगे हिस्सा

रायपुर। राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में 8 से 11 नवंबर तक होने वाले भारतीय सड़क कांग्रेस अधिवेशन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस महत्वपूर्ण अधिवेशन का उद्घाटन सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। यह अधिवेशन सड़क निर्माण के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों, नीतियों और प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसमें भारत के साथ-साथ कई अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की भागीदारी होगी।



अधिवेशन में श्रीलंका, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और सिंगापुर के निर्माण विशेषज्ञ और वैज्ञानिक शामिल होंगे। इन विशेषज्ञों के अनुभव और ज्ञान का लाभ उठाकर, भारत में सड़क निर्माण की चुनौतियों और अवसरों पर गहन चर्चा की जाएगी। चार दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में, यह तय किया जाएगा कि विभिन्न राज्यों में किस प्रकार की तकनीकें अपनाई जाएं, जिससे सड़कें अधिक मजबूत, टिकाऊ और सुरक्षित बनाई जा सकें।

अधिवेशन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। इस अधिवेशन का आयोजन प्रदेश में पहली बार हो रहा है, जिसके लिए तैयारियां तेजी से जारी हैं। स्थानीय प्रशासन और आयोजकों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए हैं। इस अवसर पर न केवल सड़क निर्माण से संबंधित जानकारियों का आदान-प्रदान होगा, बल्कि यह अवसर विभिन्न देशों के विशेषज्ञों के साथ विचारों का साझा करने का भी होगा। कुल मिलाकर, भारतीय सड़क कांग्रेस अधिवेशन सड़क निर्माण के क्षेत्र में एक नई दिशा देने का प्रयास करेगा, जो कि न केवल भारत की सड़क (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### अधिवेशन के लिए लगाए जाएंगे 129 स्टाल

साइंस कॉलेज मैदान में अधिवेशन के लिए 129 स्टाल लगाए जाएंगे। इन स्टालों के लिए विशेष रूप से बड़े डोम बनाए जा रहे हैं, जहां सड़क, पाथ-वे, और डिवाइडर के डिजाइन के साथ विभिन्न उपकरण प्रदर्शित किए जाएंगे। इन प्रदर्शनों का उद्देश्य लोगों को सड़क निर्माण की नवीनतम तकनीकों और प्रगति से अवगत कराना है। उपस्थित लोग इन स्टालों पर जाकर विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और सड़क निर्माण के क्षेत्र में हो रहे बदलावों का अनुभव कर सकेंगे।

## केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक में सबसे ज्यादा पदक छत्तीसगढ़ को



### आईपीएस सहित पुलिसकर्मियों को किया जाएगा सम्मानित

रायपुर (दावा)। गृह मंत्रालय ने केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक की घोषणा की है। इस बार सबसे अधिक पदक छत्तीसगढ़ के पुलिस अधिकारियों जवानों को मिला है। एडीजी, आईजी, एसपी और डीएसपी समेत छग के 181 अधिकारी जवान पदक से सम्मानित होंगे।

एडीजी विवेकानंद सिन्हा, एसपी विजय पांडे, आईजी अमरेश मिश्रा, एसपी आईके एलेसेला समेत निरीक्षक, उप निरीक्षक, एएसआई, हवलदार और आरक्षक को केंद्रीय गृह मंत्री का पदक मिलेगा। सबसे अधिक जवान कांकेर नक्सल मुठभेड़ मामले में सम्मानित होंगे। आईजी अमरेश मिश्रा को भी केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक मिलेगा। एनआईए में पदस्थापना के दौरान इन्वेस्टिगेशन में उत्कृष्ट कार्य के लिए अमरेश को केंद्रीय गृह मंत्री पदक दिया जाएगा।

इस साल अप्रैल माह में उस दौरान का सबसे बड़ा नक्सल एनकाउंटर हुआ था जिसमें 29 नक्सली मारे गए थे। ये उस समय तक की सबसे बड़ी नक्सल मुठभेड़ थी। अब इस मुठभेड़ में अपने शौर्य का प्रदर्शन करने वाले एसपी आई के एलिसेला समेत 58 जवानो को केंद्रीय दक्षता पदक से सम्मानित किया गया है। इसमें इस भीषण एनकाउंटर को लीड करने वाले दो निरीक्षक लक्ष्मण केवट और रामेश्वर देशमुख भी शामिल हैं।

15 अप्रैल की रात पहली बार फोर्स कोटरी नदी को पार कर हापाटोला के जंगलों में घुसी थी। जवान इस इलाके से बिल्कुल अनजान थे। रात नक्सलियों के गढ़ में बिताने के बाद जवानों ने 16 अप्रैल को जब नक्सलियों की बड़ी टीम को घेरा तो शुरुआती गोलाबारी में पुलिस के 3 जवान घायल हो गए तब लगा कि, फोर्स नक्सलियों के ट्रैप में फंस गई है। लेकिन जवानों ने हौसला नहीं खोया और नक्सलियों के नापाक मंसूबों को तोड़ते हुए एक के बाद एक 29 नक्सली ढेर कर दिए।

### शंकर राव सहित मारे गए 29 नक्सली

इसमें शंकर राव जैसा खूंखार नक्सली भी शामिल था। जैसे ही मुठभेड़ में 29 नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आई प्रदेश से लेकर दिल्ली तक कांकेर के इन बहादुर जवानो की तारीफ में कसीदे पढ़े जाने लगे। अब केंद्रीय दक्षता पदक से इन सभी जवानों का सम्मान कर केंद्र सरकार ने नक्सल मोर्चे पर अपनी जान की बाजी लगाने वाले जवानों का हौसला बढ़ाया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## डबल इंजन की सरकारें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को तेजी से लेकर जा रही विकास की राह पर- सीएम डॉ. मोहन यादव

रायपुर (दावा)। आज से तीन दिवसीय राज्योत्सव का शुभारंभ हो गया। इस दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया। वहीं छत्तीसगढ़ के विकास के लिए किये जा रहे कार्यों का भी अपने संबोधन में उन्होंने उल्लेख किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य के लोगों को जो गारंटियां दी थी, हमने मात्र 10 महीनों के अल्प समय में अधिकांश गारंटियों को पूरा कर दिया है।



### एमपी के सीएम बोले, हर कदम पर मध्यप्रदेश आपके साथ

उन्होंने कहा कि किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की गारंटी को पूरा करते हुए हमने 145 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी की। दो वर्षों के बकाया बोनस के रूप में 3716 करोड़ रुपए का भुगतान किया। महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महतारी वंदन योजना में हर महीने 70 लाख माताओं-बहनों को एक-एक हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है।

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार 15 वर्षों तक रही। उसी दौर में पुरखों के सपने एक-एक कर पूरे होने शुरू हुए। राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रेल मार्ग जैसी बुनियादी अधोसंरचनाओं का निर्माण उसी दौर में हुआ। इस दौरान आईआईटी, आईआईएम, एम्स, ट्रिपल आईटी और हिदायतुल्लाह विधि विश्वविद्यालय जैसे शीर्ष स्तर के संस्थान छत्तीसगढ़ में स्थापित किए।

इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ विकास की राह बहुत तेजी से बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ हर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कनाडा में श्रद्धालुओं को मंदिर जाने से रोकने का मुद्दा सख्ती से उठाए सरकार : कांग्रेस



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कनाडा में श्रद्धालुओं को मंदिर जाने से रोकने के वीडियो पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि वहां की सरकार खालिस्तान समर्थकों की बजाय मंदिर गये श्रद्धालुओं के खिलाफ कार्रवाई कर रही है जिसका भारत सरकार को सख्ती से विरोध करना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां एक वीडियो में कहा, सुबह से कनाडा से ऐसे वीडियो आ रहे हैं जिसमें हिंदू श्रद्धालुओं को मंदिर जाने से रोका जा रहा है। मंदिर के बाहर खालिस्थान समर्थक नारेबाजी और हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कनाडा की पुलिस उन पर कार्रवाई करने की बजाय उन श्रद्धालुओं पर कार्रवाई कर रही है जो मंदिर जाना चाहते हैं तथा हिंसक प्रदर्शन का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम भारत सरकार से अपील करते हैं कि इस मुद्दे को कनाडा सरकार के खिलाफ कड़ाई से उठाए और सुनिश्चित करें कि इस तरह की घटनाएं दोबारा ना हो।

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए आज होगी वोटिंग, इस चुनाव का भारत पर क्या होगा असर?

नई दिल्ली। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए आज 5 नवंबर को वोटिंग होगी। इस बार रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी में कांटे देखने के लिए मिल रही है। हालिया सर्वे में डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस की लोकप्रियता 48 फीसदी के साथ बराबरी पर है।



अमेरिका में इस बार का राष्ट्रपति चुनाव काफी दिलचस्प होने वाला है। 5 नवंबर को होने वाले इस चुनाव में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी के बीच कांटे की टक्कर देखने के लिए मिल रही है। हालिया सर्वे में डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस की लोकप्रियता 48 फीसदी के साथ बराबरी पर बनी हुई है। यूएस के राष्ट्रपति चुनाव पर पूरी दुनिया की नजरें हैं। इस चुनाव का असर पूरी दुनिया पर दिखाई दे सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ट्रंप के जीतने पर अमेरिका की नीतियों में बदलाव देखने को मिल सकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी ट्रंप का माइंडसेट अलग है।

### अमेरिका में कैसे होती है वोटिंग?

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की तुलना अगर भारत में होने वाले आम चुनावों से करें तो दोनों में काफी अंतर होता है। भारत में वोटिंग के 36 घंटे पहले प्रचार का शोर थम जाता है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के अंतिम चरण में वोटिंग की मुख्य तारीख से कुछ हफ्ते पहले से मतदान शुरू हो जाते हैं। अमेरिका में मुख्य तारीख से पहले डालने की प्रक्रिया को प्रारंभिक मतदान यानी अर्ली-वोटिंग कहा जाता है। इसके जरिए मतदाता व्यक्तिगत तौर पर और मेल-इन-बैलेट के जरिए वोट डालते हैं। अब तक अमेरिका में 7.21 करोड़ से अधिक मतदाता प्रारंभिक मतदान के जरिए अपना वोट डाल चुके हैं। वहीं मंगलवार को मतदाता राज्यों में बनाए गए बूथों पर जाकर मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे।

### ईव्हीएम या बैलेट, कैसे होती है वोटिंग?

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ज्यादातर वोटिंग (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर स्थायी प्रतिबंध लगाने पर करें विचार : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध लागू न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दिल्ली सरकार और अन्य अधिकारियों से सोमवार को कहा कि वे राजधानी क्षेत्र में पटाखों के इस्तेमाल पर स्थायी प्रतिबंध लगाने के पर विचार करें।



न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एम सी मेहता द्वारा दायर याचिका से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए ये टिप्पणियां कीं।

पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में दिवाली के बाद वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर से यह स्पष्ट है कि पटाखे पर प्रतिबंध से संबंधित उसके आदेश का पालन नहीं किया गया और दिवाली के आसपास पराली जलाने की घटनाएं भी बढ़ गईं।

शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार और दिल्ली के पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वे एक सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल कर इस साल पटाखों पर प्रतिबंध लागू करने के लिए उठाए गए कदमों के साथ-साथ अगले साल प्रतिबंध का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों को रिकॉर्ड में लाएं।

पीठ ने कहा कि इस बीच दिल्ली सरकार और अन्य अधिकारी दिल्ली में पटाखों के इस्तेमाल पर स्थायी प्रतिबंध लगाने के मुद्दे पर भी फैसला लेंगे। दिल्ली के कई इलाकों में हवा की गुणवत्ता गंभीर स्तर को पार कर गई, क्योंकि पीएम 2.5 की सांद्रता का स्तर बढ़ गया। इस वजह से स्वास्थ्य के लिए खतरनाक स्थिति पैदा हो गई।

## उत्तराखंड के अल्मोड़ा में बड़ा हादसा : बस खाई में गिरी, 36 की मौत, 19 घायल

अल्मोड़ा। उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में सोमवार( 4 नवम्बर ) को एक दर्दनाक हादसा हो गया। अल्मोड़ा जिले के मर्चुला क्षेत्र में एक बस गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 36 यात्रियों की मौत हो गई और 19 लोग घायल हो गए। प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इस घटना पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री धामी ने मृतकों के परिवार के लिए 4 लाख रुपए और घायलों के परिजनों को एक-एक लाख रुपए के मुआवजे का ऐलान किया है।

### सीएम धामी ने किया मुआवजे का ऐलान



### पीएम मोदी ने घटना पर शोक व्यक्त किया

अल्मोड़ा में हुए हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने कहा कि हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। इसके साथ ही पीएम मोदी ने सभी घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्यों में सक्रिय रूप से जुटा हुआ है। इस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी, वहीं घायलों को 50,000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

### हादसे की मजिस्ट्रेट जांच का आदेश

कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि हादसे की मजिस्ट्रेट जांच का आदेश दिया है। राज्य सरकार ने आश्वासन दिया है कि दुर्घटना के कारणों की गहनता से जांच की जाएगी। जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हादसा इतना जोरदार था कि कुछ लोग बस से बाहर आ गिरे। जहां 29 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### किनाथ से रामनगर जा रही थी बस

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह बस किनाथ क्षेत्र से यात्रियों को लेकर निकली थी और रामनगर की ओर जा रही थी। यह बस 'यूजर्स कंपनी' की बताई जा रही है और सारद बैंड के पास गहरी खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में बस में सवार कई लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, और मौत का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है।

### सीएम ने आरटीओ को किया सस्पेंड

हादसे के बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए परिवहन विभाग के एआरटीओ को निलंबित कर दिया और जांच के आदेश दिए हैं।गड़वाल मोटर्स ओनर्स यूनियन लिमिटेड की इस बस की हालत बहुत खराब बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बस काफी जर्जर अवस्था में थी, जिससे हादसे की वजह सामने आ रही है।

### 55 से ज्यादा यात्री थे बस में सवार

दुर्घटना के समय बस में 42 सीटें थीं और करीब 55 यात्री सवार थे। हादसे के बाद कुछ यात्री अपनी जान बचाने के लिए बस से खुद बाहर निकल आए, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## डॉक्टर रेप केस : आरोपी संजय रॉय कैमरे पर बोला- मुझे फंसाया गया

कोलकाता। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर से रेप और मर्डर को लेकर 4 नवंबर को कोलकाता की सियालदह जिला और दायरा अदालत में चार्ज पेश किया गया। केस में अब आगामी 11 नवंबर से न्यायिक प्रक्रिया शुरू होगी और उस दिन से हर रोज मामले पर सुनवाई होगी।



गत नौ अगस्त को हुई इस वीभत्स वारदात के 87 दिनों के अंदर चार्ज का गठन हुआ है। मुख्य आरोपी सिविक वालंटियर संजय राय को इस दिन बेहद कड़ी सुरक्षा में सियालदह कोर्ट में पेश किया गया। उसने न्यायाधीश के सामने खुद को फिर निर्दोष बताते हुए कहा कि राज्य सरकार की ओर से उसे फंसाया गया है।

### कैमरे के सामने लगाई गुहार

कोर्ट से बाहर निकलने पर भी संजय रॉय ने मीडिया से बात की। कैमरे के सामने चीख-चीखकर कहा कि उसने कुछ नहीं किया, उसे फंसाया गया है। उसने दावा किया कि वह निर्दोष है।

### सीबीआई ने किया बड़ी साजिश का दावा

वहीं इस मामले में सीबीआई ने वारदात के पीछे बड़ी साजिश का दावा किया है। सीबीआई ने आरजी कर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बीजेएमटीयुसी की कोर कमेटी गठित

## यह ट्रेड यूनियन राज्य इकाई के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाला निकाय है - हैरी जोसेफ

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल की कोर कमेटी का गठन कर लिया गया है। इस पर कमेटी में बृजेश पांडे, डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह, दयानंद पटनायक, जितेंद्र कुमार साहू, बृजेश शर्मा, अनिल उपाध्याय और संगीता चौहान को दिया गया है। यह जानकारी देते हुए संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष हैरी जोसेफ ने कहा कि यह कोर कमेटी ट्रेड यूनियन की राज्य इकाई के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाला निकाय है।



श्री जोसेफ ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश बीजेएमटीयुसी कोर कमेटी का गठन ट्रेड यूनियन की राज्य इकाई के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाला निकाय है यह कमेटी ट्रेड यूनियन की नीतियों को राज्य स्तर पर लागू करने, मजदूरों के हितों की नीति बनाने और संगठन को मजबूत करने जैसी जिम्मेदारियों के प्रति कर्तव्य पालन रहेगी। प्रदेश कोर कमेटी का गठन ट्रेड यूनियन के संविधान का पालन प्रत्येक ट्रेड यूनियन का अपना संविधान होता है जिसमें प्रदेश कोर कमेटी के गठन के लिए नियम और विनियम निर्धारित होते हैं। इन नियमों का सख्ती से पालन किया जाता है। संगठन नेतृत्व का निर्णय प्रदेश कोर कमेटी के सदस्यों का चयन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा किया जाता है। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ श्रमिक नेता शामिल होते हैं।

### सदस्यों का चयन

सदस्यों का चयन विभिन्न मानदंडों के आधार पर किया जाता है जैसे कि संगठन के प्रति निष्ठा, संगठनात्मक क्षमता, संगठन में प्रदर्शन आदि। विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व- कोर कमेटी में विभिन्न क्षेत्रों, जातियों और समूहों के लोगों को शामिल किया जाता है ताकि संगठन का आधार व्यापक हो सके। अधिकार और जिम्मेदारियां- कोर कमेटी को पार्टी के संविधान में निर्धारित अधिकार और जिम्मेदारियां दी जाती हैं। इनमें पार्टी की नीतियों को लागू करना, मजदूर हितों के लिए लड़ना, संगठन को मजबूत करना आदि शामिल होते हैं। कोर कमेटी के कार्य- नीति निर्माण-संगठन की राष्ट्रीय नीतियों को राज्य के संदर्भ में लागू करने के लिए नीतियां बनाना। संगठन का विकास- संगठन को मजबूत करने और नए सदस्यों को जोड़ने के लिए कार्य करना। सरकार के साथ समन्वय- सरकार के साथ समन्वय स्थापित करना और संगठन के एजेंडे को आगे बढ़ाना। मजदूरो के बीच संपर्क- मजदूरो के बीच संगठन की नीतियों का प्रचार-प्रसार करना और उनकी समस्याओं को सुनना। प्रदेश कोर कमेटी किसी भी ट्रेड यूनियन के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है। यह पार्टी के राज्य स्तरीय नेतृत्व को प्रदान करती है और संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# रेत घाट खुलने के बाद भी आम लोगों को राहत नहीं, 12 से 18 हजार रुपए हाइवा बिक रही

रायपुर। जिले के रेत घाट खुल गए हैं, लेकिन रेत के रेट कम नहीं हुए हैं। इससे आमलोगों की परेशानी बढ़ गई है। उन्हें अभी भी अधिक दाम पर रेत खरीदना पड़ रहा है।

इसकी बड़ी वजह रेत की कालाबाजारी है। इसमें सप्लायरों और रेत परिवहन का ठेका लेने वालों की मिलीभगत है। जानबूझकर मार्केट में रेत की कमी बताकर अधिक मुनाफा वसूला जा रहा है।

मीडियम रेत की कीमत 20 से 22 रुपए फीट और बारीक रेत 28 से 30 रुपए फीट बेचा जा रहा है। इस पर खनिज विभाग कोई एक्शन नहीं ले रहा है। उल्लेखनीय है कि दिवाली के बाद निर्माण कार्यों में तेजी आ जाती है। गांव से लेकर शहर तक मकान सहित अन्य निर्माण कार्यों में रेत की जरूरत पड़ती है।

### 15 अक्टूबर से खुल गए हैं घाट

रायपुर जिले में महानदी और खारून के घाटों से रेत परिवहन किया जाता है।

नदी से रेत निकालने पर 15 अक्टूबर तक प्रतिबंध लगा दिया गया था। अब रेत निकालने की अनुमति जारी कर दी गई है। ठेकेदारों ने रेत परिवहन शुरू कर दिया था। आधा दर्जन से अधिक रेत घाटों से रेत परिवहन शुरू कर दिया है।

### अवैध परिवहन भी शुरू

रेत का अवैध परिवहन भी शुरू हो गया है। खनिज विभाग से बिना लीज के ही कई रसूखदारों ने रेत परिवहन करना शुरू कर दिया है। रेत निकालने के लिए चेन माउंटेन, जेसीबी जैसी मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। दिन के अलावा रात में भी रेतों का परिवहन किया जा रहा है।

आरंग इलाके के महानदी के रेत घाटों से जमकर परिवहन किया जा रहा है। दूसरी ओर घोड़ारी वाले हिस्से में भी रेत का अवैध खनन करने वाले सक्रिय है।

### विभाग की खानापूर्ति

बिना लीज के रेत परिवहन करने वालों के खिलाफ खनिज विभाग की कार्रवाई खानापूर्ति की साबित हो रही है। रेत परिवहन पर प्रतिबंध खत्म होने के बाद खनिज विभाग ने चार हाइवा और एक चेन माउंटेन मशीन जब्त किया था।

इसके बाद से अब तक कार्रवाई बंद है। बताया जाता है कि विभाग को भी अवैध रेत परिवहन की जानकारी है। इसके बाद भी एक्शन नहीं लिया जा रहा है।

## पहला कॉलम...

### नगरीय निकाय निर्वाचन तथा त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन

**मतपत्रों के मुद्रण हेतु निविदा 28 नवम्बर तक आमंत्रित**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राजनांदगांव जिले में होने वाले नगरीय निकाय निर्वाचन तथा त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की गई है। इच्छुक निविदादाता निर्धारित फार्म में भरी निविदायें 28 नवम्बर 2024 अपरान्ह 3 बजे तक कार्यालय कलेक्टर (स्थानीय निर्वाचन) राजनांदगांव में जमा कर सकते है। प्राप्त निविदा को 28 नवम्बर 2024 को अपरान्ह 4 बजे जिला कार्यालय राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 49 में उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय कलेक्टर (स्थानीय निर्वाचन) राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

### कबीर पंथ के लिए दामाखेड़ा में हुई घटना अत्यंत निंदनीय- रामकुमार साहू



छुरिया (दावा)। सदगुरु कबीर आश्रम दामाखेड़ा में दीपावली की रात उपद्रवियों द्वारा पंथ हजूर प्रकाशमुनि नाम साहब आचार्य कबीर पंथ धर्मनगर दामाखेड़ा में भावी गुरु नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब को जान से मारने की धमकी तथा अश्लील गाली गलौज देकर धमकी दिए जाने की घटना की कबीर पंथी समाज छुरिया क्षेत्र ने निंदा की है। इस संबंध में रामकुमार साहू ने कहा कि हमारे कबीर पंथ के लिए दुर्भाग्यपूर्ण तथा अन्याय है। उन्होंने कहा कि कबीरपंथी साधु गुरु की पूजा संत सेवा करते हैं, उनके विरूद्ध की गई इस घटना से हमारे हृदय में आघात पहुंचा है। कबीरपंथी समाज मनमुटाव से दूर होकर साहब की सेवा करें। राम कुमार साहू ने बताया कि हम कबीरपंथी बहुत सहनशील होते हैं, सत्य और अहिंसा के पुजारी हैं, जो कबीर साहब के बताए हुए सत्य मार्ग पर चलते हैं। शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि उपद्रवी को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए, ताकि आगे शासन और प्रशासन तंत्र मजबूत हो और धर्म की रक्षा होनी चाहिए। यदि शासन-प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की जाती है, तो हम सभी कबीर पंथी समाज एक होकर अपने गुरु गद्दी की रक्षा करने के लिए तैयार है।

# माँ से आए दिन करता था मारपीट, आक्रोशित पुत्रों ने पिता को उतारा मौत के घाट, दोनों गिरफ्तार

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। जिले में वनांचल के मोहला थाना क्षेत्र के कुडुमपारा गांव में मां से आए दिन मारपीट व प्रताड़ना से आक्रोशित पुत्रों ने अपने पिता की हत्या कर दी। पुलिस दोनों आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 2 नवम्बर शनिवार को गोवर्धन पूजा के दिन की है। घटना से गांव में गोवर्धन पूजा व मातर मंडई का त्योहार प्रभावित हुआ है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हेमसिंह ढाले निवासी कुडुमपारा शनिवार को दोपहर कहीं से नशे में घर पहुंचा और अपनी पत्नी सरस्वती ढाले घरेलू बात एवं बैल कहां से लाई हो कहकर लड़ाई झगड़ा कर मारपीट करने लगा। इस दौरान मां से मारपीट करते छोटा लड़का संजय ढाले बीच बचाव करने पहुंचा। लड़ाई झगड़ा कर पिता हेमसिंह घर से निकल कर रेंगाकठेरा की ओर चला गया। इसके बाद बड़ा बेटा अभिषेक घर आया तो मां से मारपीट की बात पता चला। बेटे आवेश में आकर घर में रखे लोहे के पाइप और रॉड को लेकर निकले और पिता हेमसिंह से रेंगाकठेरा को कुडुम जाने वाले रास्ते में मारपीट किए। दोनों बेटों की मार से पिता हेमसिंह गंभीर रुप से घायल होकर मौके पर गिर गया। दोनों आरोपी बेटे घर पहुंचे और घटना की जानकारी अपनी मां सरस्वती को दिए।

मां सरस्वती तत्काल घटना स्थल पहुंची और अपने पति को गंभीर अवस्था में देख डायल 112 के बुला कर पति को ईलाज के लिए शासकीय अस्पताल लेकर गई। इस दौरान डॉक्टरों ने हेमसिंह को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मृतक की पत्नी सरस्वती ने पुलिस को दी। पुलिस ने पिता की हत्या के आरोपी दोनों बेटे अभिषेक ढाले पिता हेमसिंह ढाले उम्र 22 साल एवं संजय ढाले पिता हेमसिंह ढाले उम्र 19 साल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

### श्रीमति गीतादेवी शुक्ला का निधन



डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शुक्ला परिवार की बुजुर्ग मिलनसार एवं धर्म के प्रति गहरी रुचि रखने वाली श्रीमति गीतादेवी शुक्ला पति स्व.स्वामी प्रसाद शुक्ला (उम्र 90 वर्ष) का आज दोपहर निधन हो गया है। स्व. श्रीमति शुक्ला अपने पीछे अपने ज्येष्ठ पुत्र मनमोहन शुक्ला तीन बेटियों माया, शारदा एवं सीमा का भरापूरा परिवार छोड़ गए है। स्व.श्रीमति शुक्ला विकास एवं विशाल शुक्ला की दादी थी। उनकी अन्तिम यात्रा आज 5 नवंबर को सुबह 8.30 बजे उनके सदर लाइन स्थित निवास से निकलेगी।

### किशनलाल साहू ने किया कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन...



छुरिया (दावा)। ग्राम पतोरा (महरुम) में कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि किशनलाल साहू सभापति जनपद पंचायत छुरिया ने किया। इस अवसर पर ग्राम महरुम के सरपंच अशोक सेवता, कांपा के सरपंच राधेलाल जोशी, दीनू साहू आदि उपस्थित थे।

# दीपावली की सुबह डिलीवरी के लिए भर्ती लक्ष्मी को कराया गया रक्त उपलब्ध



राजनाँदगाँव (दावा)। दीपावली के अवसर पर जिला अस्पताल में डिलीवरी के लिए भर्ती खुर्सीपार निवासी लक्ष्मी के लिए रक्तदान किया गया। अनजान ग्रामीण अंचल के परिजनों ने कल दोपहर से काफी लोगों फोन किया लेकिन भरी दिवाली जहां सब लोग अपने काम मे व्यस्त थे कही व्यवस्था नही बन पाई, परिजनों ने पार्षद ऋषि शास्त्री को आज सुबह सूचना दी आनन फानन में अजय सोनी से अनुरोध करने पर अजय भइया ने आफिस का काम छोड़ के अर्जेंट डिलीवरी पेशेंट को ब्लड डोनेट करने जिला अस्पताल पहुंच गए।

पार्षद ऋषि शास्त्री के आग्रह पर अहम भूमिका निभाते हुए नांदगांव ब्लड बैंक में सोमनी बैगाटोला निवासी स्वेक्षिक रक्तदाता दीपक कुमार साहू ने ए पॉजिटिव एक्सचेंज रक्तदान किया जहां रक्तमित्र फनेन्द्र जैन भी मौजूद रहे। त्वरित कार्यवाही से जिला अस्पताल में रक्त समूह बी पॉजिटिव न होने पर नांदगांव ब्लड बैंक में पार्षद ऋषि शास्त्री के माध्यम से पेशेंट के परिजन पहुंचकर आसानी से ब्लड फार्म और सेम्पल के जरिये एक यूनिट रक्त प्राप्त किया इस तरह दो यूनिट रक्त समूह की व्यवस्था सुनिश्चित हो पाई। पेशेंट को कुल 4 यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी जिसमे दो कि व्यवस्था पूरी की गई शेष दो यूनिट के लिए बी पॉजीटिव के रक्तदाता सम्पर्क कर सकते है।

# नहाय खाय से शुरू हो रहा है छठ पूजा का पहला दिन, उषा अर्घ्य, पारण के साथ 8 नवम्बर को होगी समाप्ति

नई दिल्ली। दीपावली के बाद पड़ने वाले महापर्व छठ पूजा का प्रारंभ कल 5 नवम्बर से होने वाला है। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व का श्रद्धालु बड़ी बेसब्री के साथ इंतजार करते हैं। छठ पूजा का यह त्यौहार भगवान सूर्य देव और छठी मईया को समर्पित है। इस दिन महिलाएं जल में खड़े होकर भगवान भास्कर को अर्घ्य देती हैं और अपनी संतान, परिवार की मंगल कामना के लिए प्रार्थना करती हैं। छठ पूजा के पावन अवसर पर भगवान सूर्य की आराधना करने से समृद्धि एवं प्रगति की प्राप्ति होती है और मनुष्य का कल्याण होता है। छठ पूजा को सूर्य षष्ठी, डाला छठ, छठ पर्व, डाला पूजा आदि नामों से जाना जाता है।

आज हम अपने खास खबर डॉट कॉम के पाठकों को इस बात की जानकारी देने जा रहे हैं कि छठ पूजा प्रारम्भ कब से होने जा रहा है और इस पर्व की समाप्ति कब होगी।

### छठ पूजा 2024 कैलेंडर

छठ पूजा पहला दिन- नहाय खाय- 5 नवंबर
छठ पूजा दूसरा दिन- खरना- 6 नवंबर
छठ पूजा तीसरा दिन- संध्या अर्घ्य- 7 नवंबर
छठ पूजा चौथा दिन- उषा अर्घ्य, पारण- 8 नवंबर
छठ पूजा का पहला दिन- नहाय खाय

महापर्व छठ पूजा का आरंभ नहाय खाय के साथ होता है। इस दिन व्रती महिलाएंभोर में उठकर स्नान आदि कर नए वस्त्र पहल सूर्य देव को जल अर्पित करती हैं। इसके बाद सात्विक आहार ग्रहण कर अपने व्रत को शुरू करती हैं। नहाय खाय के दिन कद्दू की सब्जी, लौकी चने की दाल और भात यानी चावल खाया जाता है। नहाया खाय का भोजन बिना लहसुन और प्याज के सात्विक तरीके से तैयार किया जाता है। व्रती के खाने के बाद ही परिवार के अन्य लोग नहाय खाय का खाना खा सकते हैं। नहाय खाय के दिन यानी 5 नवंबर को सूर्योदय सुबह 6 बजकर 36 मिनट पर होगा, जबकि सूर्यास्त शाम 5 बजकर 33 पर।

### छठ पूजा का दूसरा दिन- खरना

छठ पूजा के दूसरे दिन आता है खरना। इस दिन व्रती महिलाएं पूरा दिन व्रत करती हैं और फिर रात के समय खीर प्रसाद ग्रहण करती हैं। खरना के बाद से ही व्रती महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला उपवास आरंभ हो जाता है। छठ व्रत का पारण उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद ही खोला जाता है। वहीं बता दें कि खरना के दिन गुड़, चावल और दूध की खीर बनाई जाती है। इस दिन व्रत रखने वाली महिला या पुरुष को नमक का सेवन नहीं करना होता है। खरना के दिन यानी 6 नवंबर को सूर्योदय सुबह 6 बजकर 37 मिनट पर होगा, जबकि सूर्यास्त शाम 5 बजकर 32 पर।

### छठ पूजा का तीसरा दिन- संध्या अर्घ्य

छठ पूजा के तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा, जिसे संध्या अर्घ्य के नाम से भी जाना जाता है। संध्या अर्घ्य 7 नवंबर 2024 को दिया जाएगा। 7 नवंबर यानी छठ पूजा के दिन सूर्योदय सुबह 6 बजकर 38 मिनट पर होगा, जबकि सूर्यास्त शाम 5 बजकर 32 मिनट पर होगा।

### छठ पूजा का चौथा दिन- उषा अर्घ्य

छठ पूजा के चौथे और आखिरी दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा, जिसे उषा अर्घ्य कहा जाता है। इस दिन व्रती महिलाओं भोर के समय जल में खड़े होकर सूर्य देव को अर्घ्य देती हैं। अर्घ्य के बाद इसी दिन व्रती महिलाएं छठ व्रत का पारण करती हैं। उषा अर्घ्य 8 नवंबर 2024 को दिया जाएगा। 8 नवंबर यानी छठ पूजा उषा अर्घ्य के दिन सूर्योदय सुबह 6 बजकर 38 मिनट पर होगा, जबकि सूर्यास्त शाम 5 बजकर 31 मिनट पर होगा। नोट—यहां दी गई जानकारियां धार्मिक आस्था और लोक मान्यताओं पर आधारित है। इसका कोई भी वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। खास खबर डॉट कॉम एक भी बात की सत्यता का प्रमाण नहीं देता है।

# गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**जिले के डाकघर का किया अवलोकन**

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने जिले के डाक घर का अवलोकन किया जिसमें कक्षा पहली के विद्यार्थीगण एवं शिक्षकवृंद शामिल थे। उक्त आयोजन शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर के मार्गदर्शन में कुशलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक डाकघर पहुँचकर वहाँ की कार्य व्यवस्था को बारीकी से समझकर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यार्थियों ने मनीऑर्डर, पार्सल आदि अनेक डाकघर संबंधी कार्य को सुगमता पूर्वक देखा और जाना जिसमें पोस्ट मास्टर विश्वजीत शर्मा का पूर्ण सहयोग व समर्थन मिला।

उक्त शैक्षणिक भ्रमण के अवसर पर शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर ने कहा कि वैज्ञानिक प्रगति के दौर में भी डाकघर की उपयोगिता और भी अधिक बढ़ गई है। संचार के साधनों में डाकघर का विशेष स्थान है। इसके महत्व को नन्हें बच्चों ने जाना, यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर शाला की शिक्षिका श्रीमती मीना मेनन, श्रीमती हेमलता चंद्राकर, याददास साहू का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, सचिव गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।

### रानू साहू की हाईकोर्ट ने जमानत याचिका कर दी खारिज

बिलासपुर। निलंबित आईएएस रानू साहू की मुश्किलें खत्म नहीं हो रही है। हाईकोर्ट से भी पूर्व आईएएस को झटका लगा है। हाईकोर्ट ने रानू साहू की जमानत याचिका खारिज कर दी है। आपको बता दें कि कोल लेवी केस में रानू साहू जेल में बंद हैं। जस्टिस एन के व्यास के सिंगल बेंच ने ये निर्णय सुनाया है।

### 51 वार्डों में घूमकर पूजा सामग्री इकट्ठा की हरियाली बहनें इससे बनाएंगी अगरबत्ती



राजनांदगांव (दावा)। नगर में लक्ष्मी पूजा और दीपावली पूजन के बाद जो पूजा सामग्री इकट्ठा हुई, उसे राजनांदगांव शहर के 51 वाडों में घूमकर हरियाली बहनों ने एकत्र किया। इसके लिए उन्होंने एक गाड़ी भी लगाई थी। मुनादी करते हुए घर-घर जाकर उन्होंने पुष्प और पूजा सामग्री एकत्र की। इन पवित्र फूलों का उपयोग अगरबत्ती बनाने में किया जाएगा। संस्था से जुड़े शिव देवांगन ने बताया कि करीब आधा टन पुष्प एकत्र किया गया है।


dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
हंसी का खजाना, जादुई चमत्कार
भूल भूलैया 3
कलाकार - कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी विजय राज़, संजय मिश्रा, राजपाल यादव आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com





## कार्यालय कलेक्टर, कबीरधाम
## (आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग)

E-mail - actd.kabeerdham@nic.in

क्रमांक/2671/EMRS/आजाक/2024- 25 कबीरधाम, दिनांक 29.10.2024

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

कार्यालयीन ज्ञापन क्र/1331/EMRS/आजाक/2024-25 कबीरधाम दिनांक 02.08.2024 के द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तरेगांव जंगल वि.खं. बोड़ला, जिला कबीरधाम के संचालन हेतु सत्र 2024-25 हेतु पंजीकृत फर्मो/ आपूर्तिकर्ताओं से खाद्य सामग्री, सब्जी, फल मांसाहारी सामग्री, दैनिक उपयोग सामग्री, हेयर कटिंग प्रदाय करने हेतु मुहर बंद निविदाएं दिनांक 23.08.2024 दोपहर 02.00 बजे तक आमंत्रित की गई थी।

अतएव उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कबीरधाम

जी- 242503580/1

## न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202410093700032 अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशोर सिन्हा आ. उदयराम सिन्हा, निवासी-मोतीपुर, जिला-राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव मोहल्ला मोतीपुर स्थित शीट क्रमांक 20, भूखण्ड क्रमांक 3/1, क्षेत्रफल 69.00 वर्गमीटर जो धारक केजईबाई ध.प. स्व. शिवचरण कलार, निवासी-मोतीपुर, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। भूखण्ड के धारक केजईबाई ध.प. स्व. शिवचरण की मृत्यु उपरांत उनके स्थान पर वारिसों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 11.11.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जाँच, राजनांदगांव

# 3 हाथियों के मौत मामले पर हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

## ऊर्जा विभाग के सचिव और सीएसपीडीसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर को जारी किया नोटिस

बिलासपुर। बीते दिनों रायगढ़ जिले में करंट की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन हाथियों की मौत हो गई थी, इस मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। आज चीफ जस्टिस के डबल बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई, कोर्ट ने सचिव ऊर्जा विभाग और छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मैनेजिंग डायरेक्टर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बता दें इस मामले की अगली सुनवाई 20 नवंबर को होगी।

बता दें 26 अक्टूबर को रायगढ़ के तमनार रेंज में 11केवी विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से 3 हाथियों की मौत हो गई थी, इनमें एक नर हाथी, एक मादा हाथी और एक शावक शामिल है। यह घटना सामारूमा परिक्षेत्र के कचकोबा परिसर में चुहकीमार नर्सरी में हुई। इस घटना की जानकारी मिलते ही रायगढ़ वनमंडल वन विभाग के अधिकारियों के अलावा तमनार और घरघोड़ा रेंज के डीएफओ और टीम मौके पर पहुंची थी।



### बिजली विभाग की लापरवाही आई सामने

वन विभाग की टीम ने घटना स्थल का मुआयना किया तो बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई थी। 11 केवी तार काफी नीचे झुला हुआ था जिसकी वजह से ही यह घटना घटित हुई है। इसके लिए डीएफओ ने बिजली विभाग के जेई को नोटिस भेजा है, इसके अलावा वन विभाग ने अपने प्रीलिमिनरी ऑफ्स रिपोर्ट (पीओआर) में भी बिजली विभाग की लापरवाही का जिक्र किया है. जानकारी के अनुसार, इसी मामले में बिजली विभाग के कर्मचारियों को राजधानी रायपुर में तलब किया गया है।

### अनुशंसा के बाद हुई कार्रवाई

मिली जानकारी के मुताबिक एक साथ तीन हाथियों की मौत हो जाने के बाद वन विभाग की टीम इस मामले मे गंभीरता से कार्रवाई कर रही है, विभागीय टीम ने इस मामले में सामारूमा सर्किल प्रभारी अजय खेस के भी सस्पेंड के लिए सीसीएफ बिलासपुर को अनुशंसा पत्र भेजा है, सीसीएफ प्रभात मिश्रा ने अनुशंसा पत्र के आधार पर डिप्टी रेंजर को भी निलंबित कर दिया है।

### कई बार की गई शिकायत

प्रारंभिक जांच मे यह भी पता चला की वन विभाग के नर्सरी प्रभारी ने 11केवी लाइन तार नीचे होने की शिकायत कई बार बिजली विभाग के स्थानीय कर्मचारियों से की थी, लेकिन इसके बावजूद इस ओर किसी तरह की पहल नही की गई जिसके परिणाम स्वरूप यह घटना घटित हो गई। हाथी बचाव दल ने भी समय समय पर इस मामले में वन विभाग और विद्युत विभाग को घेरा जा रहा था।

### बिटगार्ड हुआ सस्पेंड

वन विभाग की जांच मे यह भी पाया गया की पिछले तीन से चार दिनों तक घरघोड़ा रेंज मे 70 से अधिक हाथी के विचरण करने के बावजूद भी संबंधित बीटगार्ड के द्वारा सही तरह से हाथियों के सुरक्षा के मद्देनज़र निगरानी नहीं की गई, इस मामले मे गंभीर लापरवाही पाए जाने के बाद रायगढ़ डीएफओ स्टाईलों मंडावी ने रविवार की शाम कचकोबा परिसर रक्षक सन्यासी सिदार को सस्पेंड कर दिया है।

# संगठन चुनाव को लेकर आज जिला भाजपा की कार्यशाला

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के संगठन चुनाव की प्रक्रिया धीरे-धीरे प्रारंभ हो रही है, संगठन चुनाव के साथ साथ सदस्यता अभियान भी 15 नवंबर तक बड़ा दिया गया है। संगठन चुनाव सक्रिय सदस्यता अभियान व प्राथमिक सदस्यता अभियान पूरे जिले में एक साथ चल रहा है, इसी तारतम्य में संगठन चुनाव को लेकर जिला भाजपा की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला कल दिनांक 05 नवंबर को दोपहर 01 बजे जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई है, जिसमें प्रदेश भाजपा के महामंत्री संजय श्रीवास्तव का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

जिला भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले के अध्यक्ष रमेश पटेल व महामंत्री तथा जिला संगठन चुनाव के सह प्रभारी राजेन्द्र गोलछा ने बताया कि इस बैठक में अपेक्षित लोगों को ही प्रवेश दिया जायेगा जिसमें जिला चुनाव अधिकारी व उनकी टीम, जिला पदाधिकारी, जिला के मोर्चा अध्यक्ष, प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी, प्रदेश भाजपा के कार्यसमिति सदस्य, सांसद-विधायक, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष साथ ही मंडल अध्यक्ष व महामंत्री, मंडल प्रभारी, मंडल के सक्रिय सदस्यता संयोजक, मंडल चुनाव अधिकारी व उनके सहयोगी ही इस कार्यशाला में भाग ले सकेंगे।

# प्रदेश की सीनियर हॉकी टीम में राजनांदगांव के 7 खिलाड़ी चयनित



## चेन्नई में जौहर दिखाएंगे राजनांदगांव के खिलाड़ी

राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 04 से 15 नवम्बर 2024 तक 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता चेन्नई में आयोजित की जा रही है जिसमें हॉकी इंडिया से मान्यता प्राप्त 31 राज्य की हॉकी टीमें भाग ले रही है। जिसमें छत्तीसगढ़ हॉकी की सीनियर पुरुष हॉकी टीम भी उक्त प्रतियोगिता में भाग लेंगी। सीनियर पुरुष हॉकी टीम के भाग लेने के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में 30 खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी एवं कोच मृणाल चौबे द्वारा लिया गया जिसमें उत्कृष्ठ प्रदर्शन के आधार पर राजनांदगांव के खुशाल यादव, अर्जुन यादव, संदीप यादव, सोनू निषाद, तरुण यादव, आदित्य मेश्राम, कुशल यादव का चयन राज्य की हॉकी टीम के लिए किया गया है। टीम के कोच दीपेश चौबे (कस्टम विभाग पुणे) होंगे।

उक्त टीम आज रात को शिवनाथ एक्सप्रेस से नागपुर के लिए रवाना होगी वही आज 5 नवम्बर को तमिलनाडु एक्सप्रेस से चेन्नई के लिए रवाना होगी। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर फिरोज अंसारी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, ए.एक्का सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव, नीलम चंद जैन, अब्दुल कादिर, महेंद्र सिंग ठाकुर, छोटे लाल, प्रिंस भाटिया, सब्बीर सोलंकी, दीपेश चौबे, आशीष सिन्हा आदि ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।

# पैसे मांगने पर मरीज ने डॉक्टर को पीटा : नशे में जख्मी होकर पहुंचा था आईएमआई अस्पताल, जमीन पर पटककर की मारपीट



भिलाई (दावा)। छत्तीसगढ़ के भिलाई में आईएमआई अस्पताल में पैसे मांगने पर मरीज ने डॉक्टर से मारपीट की है। यह घटना का सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला खुर्सीपार थाना इलाके का है। पुलिस के अनुसार, घटना 2 नवंबर की रात की है। आईएमआई अस्पताल के संचालक राजेश कुमार (44) अस्पताल के ऊपर ही रहते हैं। रात करीब 9.30 बजे गौतम नगर निवासी अमित मौर्य नाम का युवक इलाज कराने आया था।

नशे में घायल होकर पहुंचा था - अस्पताल अमित के पैर में चोट लगी थी, वो काफी नशे में था। अस्पताल के स्टाफ ने उसकी एमएलसी बनाई। इसके बाद उससे 700 रुपए जमा करने कहा गया। स्टाफ ने पैसे देने कहा तो अमित भड़क गया, वो विवाद करने लगा। शोर सुनकर राजेश कुमार की पत्नी वहां पहुंच गई। उसने डॉ. राजेश को भी आवाज देकर बुलाया। डॉ. राजेश ने अमित को समझाने की कोशिश की, लेकिन नशे में होने की वजह से समझने को तैयार नहीं था। इस दौरान अमित ने डॉ. राजेश के मुंह पर मुक्का मार दिया।

### आरोपी पहुंचा जेल

इस दौरान वहां खड़े स्टाफ ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन अमित नहीं रुका। डॉक्टर को जमीन पर पटककर मारने लगा। जिसके बाद डॉक्टर ने रात में खुर्सीपार थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मारपीट का वीडियो भी पुलिस को दिया। अब पुलिस ने आरोपी अमित मौर्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# आयुक्त विश्वकर्मा ने छठ पर्व के पूर्व शहर में तथा तालाबों के आसपास साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के दिये निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। छठ पर्व को ध्यान में रखते हुये निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को शहर में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ-साथ मोती तालाब व चिखली तालाब के अलावा अन्य तालाबों के आसपास साफ सफाई कराने, दवा का छिडकाव करने के निर्देश दिये।

आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि दीपावली त्योहार में शहर के आंतरिक व बाह्य क्षेत्रों सहित बाजार व शहर के प्रमुख मार्गो में भीड़ की स्थिति निर्मित हो गयी थी और विभिन्न समानों की खरीदी बिक्री के कारण शहर में कचरा फैल गया था, जिसे ध्यान में रखते हुये शहर में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करे, नाली से कचरा निकालने के उपरांत कचरा तुरंत उठावे, दवाई एवं चुना का छिडकाव करे। मच्छर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुये वार्डो में फागिंग करें। दुकानदारों व पसरा वालों को गंदगी न फैलाने कचरा वाहन में डालने, डस्टबीन का उपयोग करने समझाईस देवे।

उन्होंने कहा कि छठ पर्व के पूर्व हुये, मोती तालाब, चिखली तालाब सहित अन्य तालाबों के आस पास साफ सफाई कर कटिली झाडिया कटावे एवं दवाई का छिडकाव कर चुना लाईन खीचे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि अपने घर की साफ सफाई के अलावा घरों के आसपास भी साफ सफाई रखे। कचरा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाडी में ही डाले। मौसमी बीमारी डेंगू मलेरिया से बचने सावधानी बरते।

# बलरामपुर थाने में जिस युवक की आत्महत्या पर मचा था बवाल, उसकी पत्नी का शव मिला झारखंड में, मर्डर की आशंका



बलरामपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के थाने में जिस युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी, अब उसकी पत्नी का शव झारखंड में मिला। इसी महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट के आधार पर उसके पति और ससुर को पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। जहां पति गुरुचरण मंडल ने फांसी लगा ली थी। महिला के भाई बदला गिरी ने लाश की शिनाख्त रीना गिरी के रूप में की है। झारखंड के गढ़वा पुलिस ने गबेलचंपा के कोयल नदी से लाश बरामद किया है। महिला के दोनों हाथ बंधे थे। सिर पर गहरे चोट मिले हैं। पोस्टमॉर्टम में किसी वजनी वस्तु से हमले से मौत की पुष्टि हुई है। दरअसल, रीना गिरी 29 सितंबर से लापता थी। गढ़वा पुलिस को 30 सितंबर को रीना की लाश मिली। ये जगह संतोषी नगर यानी रीना के गायब होने वाली जगह से 80 किलोमीटर दूर है। गढ़वा पुलिस ने अनजान बॉडी होने के कारण रीना के शव को दफना दिया है। उल्लेखनीय है कि, गुरचरण मंडल की लाश थाने में मिलने के बाद कोतवाली थाने के सामने मौजूद भीड़ आक्रोशित हो गई थी। भीड़ ने हाईवे पर जाम लगा दिया था। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और स्थानीय सड़कों पर उतर आए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताने लगे थे। कोतवाली थाने के सामने मृत युवक के परिजनों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया था। इसी झड़प में पुलिस थाने की रेलिंग भी टूट गई थी। इसके बाद भी लोगों का आक्रोश थमा नहीं और हंगामा जारी रहा था। थोड़ी ही देर बाद थाने के बाहर जमा लोगों ने पुलिस वालों और थाना परिसर पर पत्थरबाजी शुरू कर दी थी। स्थित काबू से बाहर होता देख पुलिस ने आंसू गैस के गोले थाने के सामने ही फेंकने पड़े थे। लेकिन उसका भी भीड़ पर कोई असर होता नहीं दिखा था।

# गरिमाविहीन व्यवहार, विलंबकारी कार्यनीति के चलते बीईओ निलंबित

रायपुर (दावा)। 28 अक्टूबर को जारी कलेक्टर गरियाबंद के प्रतिवेदन के अनुसार आर.पी. दास, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गरियाबंद (मूल पद प्राचार्य) को उनके गरिमा विहीन व्यवहार, विलंबकारी कार्यनीति तथा अपने पदीय संव्यवहार के अनुरूप कार्य नहीं कर पाने के कारण लगातार शिकायते की जांच में पुष्टि होने से निलंबन करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

कलेक्टर गरियाबंद के प्रतिवेदन के आधार पर आयुक्त, रायपुर संभाग, रायपुर महादेव कावरे द्वारा श्री दास को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम् 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबित अवधि में मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी छूरा नियत किया जाता है। श्री दास को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में पुलिस सहायता केंद्र हुआ प्रारंभ

- पंथ उदितमुनिनाम साहब ने फीता काट कर किया शुभारंभ
- कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में स्थापित किया गया नवीन पुलिस सहायता केंद्र

बलौदाबाजार (दावा)। अपराध नियंत्रण, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले में स्थित कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में नवीन पुलिस सहायता केंद्र का संचालन प्रारंभ किया गया है। जिसका शुभारंभ आज पंथ श्री उदितमुनिनाम साहब के करकमलों द्वारा फीता काट कर किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कबीर अनुयायी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस मौके पर पंथ उदितमुनिनाम साहब द्वारा सहायता केंद्र मे विधिवत रोजनामचा लेखन कार्य प्रारंभ कर पुलिस सहायता केंद्र कबीर धर्मनगर (दामाखेड़ा) का विधिवत कार्य प्रारंभ किया गया। पुलिस सहायता केंद्र कबीर धर्मनगर (दामाखेड़ा) में सहायक उप निरीक्षक माधो प्रसाद साहू को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही प्रधान आरक्षक सुख सागर मरावी, 03 आरक्षक सहित कुल 05 पुलिस स्टाफ की तैनाती पुलिस सहायता केंद्र कबीर धर्मनगर (दामाखेड़ा) में की गई है।

गौरतलब है कि कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा कबीर पंथ के प्रमुख आस्था का मुख्य केंद्र है। ग्राम दामाखेड़ा में कबीर पंथ आश्रम विद्यमान है जिसमें कबीर पंथ के वंशाचार्य प्रकाश मुनि नाम साहेब एवं उनका परिवार भी निवास करते है।

उक्त स्थल का दर्शन करने प्रतिदिन दर्शनार्थियों का आना-जाना लगा रहता है। साथ ही प्रत्येक वर्ष दामाखेड़ा में 15 दिवसीय मेला का भी आयोजन किया जाता है,जिसमें हर दिन चौका आरती एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम होते रहते हैं। इस दौरान मेला कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों के साथ-साथ विदेश से भी कई लोग दर्शनार्थ कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा पहुंचते हैं तथा प्रतिदिन मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** एस-28-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** ADEN/नागभीड़ के अधीन SSE (पी.वे)/CAF के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रेन से जंगली जानवरों की मृत्यु को रोकने के लिए ट्रैक के किनारे फिक्स्ड नॉट बाड़ उपलब्ध कराना और लगाना। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,09,49,205/- **बयाना राशि:** ₹ 2,54,800/-

**2. निविदा क्र.:** एस-29-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** ADEN/नागभीड़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत G-CAF (BG) सेक्शन में LHS GCF No. 86 एवं GCF No. 59 (BG) पर कवर शेड आदि का प्रावधान। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,83,19,570/- **बयाना राशि:** ₹ 2,41,600/-

**3. निविदा क्र.:** एस-30-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** (1) SSE(PW)/NAB के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत G-NAB सेक्शन (BG) के बीच विभिन्न प्रकार के ट्रैक संबंधी कार्य। (2) SSE(PW)/CAF के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत G-CAF सेक्शन (BG) के बीच विभिन्न प्रकार के ट्रैक संबंधी कार्य। (3) ADEN / NAB के अधीन G-CAF सेक्शन में जंगल सफाई एवं मैनपॉवर। (4) ADEN / नागभीड़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत T-28 मशीन (19 सेट) का उपयोग करके क्रॉस ओवर की लंबाई में सुधार और पॉइंट और क्रॉसिंग के थ्रू बैलास्ट का नवीनीकरण। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,11,96,805/- **बयाना राशि:** ₹ 3,06,000/-

**4. निविदा क्र.:** ई-25-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** ADEN/डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत TFR (38.234 कि.मी. केवल ERC), (ERC रहित 25.103 कि.मी.) और (ERC सहित 37.90 कि.मी.) - **कुल = 101.233 कि.मी.**। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,20,80,785/- **बयाना राशि:** ₹ 2,60,400/-

**5. निविदा क्र.:** ई-26-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** ADEN / डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक के रखरखाव के लिए विविध पी.वे कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,48,42,562/- **बयाना राशि:** ₹ 2,24,200/-

**6. निविदा क्र.:** एन-22-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** ADEN/NIR के अधीन (1) SSE (पी.वे)/SONR के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत 3T क्षमता वाले ट्रक - 01 संख्या को किराए पर लेना है (2) SSE (पी.वे)/GRG एवं SSE (पी.वे)/BTC के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत 3T क्षमता वाले ट्रक - 01 संख्या को किराये पर लेना है (24 महीने की अवधि के लिए)। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 57,44,385/- **बयाना राशि:** ₹ 1,14,900/-

**7. निविदा क्र.:** एन-23-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** ADEN/CWA के अधीन SSE (पी.वे)/सौसर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत KRCL पैटर्न में ट्रैक के रखरखाव के लिए 3T/9T क्षमता वाले ट्रक - 01 संख्या को किराए पर लेना है (24 महीने की अवधि के लिए)। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 20,27,340/- **बयाना राशि:** ₹ 40,600/-

उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **20.11.2024** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है। इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**मंडल अभियंता (दक्षिण), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

PC/26/139

स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर


# नगर पंचायत प्रशासन ने टैक्स वसूली के लिए कसी कमर

- बड़े बकायादारों को चेताया
- टैक्स वसूली आज भी पुराना ढर्रे में



डोंगरगाँव (दावा)। नगर निकाय क्षेत्र में बिजली, पानी और सफाई को लेकर नगरवासी गंभीर रहते हैं किन्तु नगर पंचायत को चलाने और कर्मचारियों की तनख्वाह के लिए आवश्यक राजस्व टेक्स के माध्यम से पूर्ति की जाती है और टेक्स जमा करने में शहर के नागरिक काफी फिसड्डी साबित हो रहे हैं. पर्याप्त टेक्स वसूली नहीं होने से जहाँ निकाय की हालत दिनों दिन खराब हो रही है, वहीं खर्चों में भी लगातार बढ़ोतरी ही हो रही है. ऐसे में अब नगर पंचायत का राजस्व विभाग टेक्स वसूली में कड़ाई के मूड में आ गया है. इसकी तैयारी के रूप में 1 माह पूर्व नगर के 50 बड़े बकायादारों को बकाया टैक्स राशि 13 लाख 97 हजार का बिल दिया जा चुका है लेकिन इनमें से मात्र 2 करदाताओं द्वारा 51 हजार का टैक्स भुगतान जमा कराया गया है.

इसी तारतम्य में 4 नवम्बर को नगर पंचायत सीएमओ विनम्र जेमा ने सभी बकायादारों को शीघ्र भुगतान के लिए राजस्व टीम के साथ सघन संपर्क किया और आगामी 7 दिवसों में भुगतान नहीं करने पर अधिनियम की धारा 162 के तहत नियमानुसार डिमांड नोटिस जारी कर सभी बकायादारों से वसूली की जायेगी.

### टैक्स वसूली आज भी पुराना ढर्रे में

नगर पंचायत प्रशासन आज भी टेक्स वसूली के लिए अपने पुराने ढर्रे पर चल रहा है. कुछ समय पूर्व निकाय में एटीएम स्वेपिंग मशीन आया था किन्तु आज वह कहीं नजर नहीं आता. वहीं सभी शासकीय विभागों में ऑनलाईन भुगतान स्वीकार करने के लिए ग्राहकों को छूट देकर प्रोत्साहित किया जाता है किन्तु नगर पंचायत डोंगरगाँव में आज भी नगद भुगतान के लिए प्रेरित किया जाता है. ऑनलाईन भुगतान की व्यवस्था करने से सीधे नगर पंचायत के खाते में राशि पहुंचेगी, वहीं टेक्स वसूली में भी तेजी से आयेगी.

# प्रदेश में जल्द बढ़ेगी ठंड: गुलाबी ठंड के बीच बदली हवा की दिशा



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदल रहा है, जिसके चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान में फिर से वृद्धि हो रही है। शनिवार की रात रायपुर में तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया था, जिससे हल्की ठंड का अहसास होने लगा था। वर्तमान में, दक्षिणी-पश्चिमी नम हवाओं का प्रभाव अधिक हो गया है, जबकि उत्तर-पूर्व से आने वाली हवाओं की गति में कमी आ गई है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश के कई जिलों में बादल छा गए हैं, जिससे उमस भरी गर्मी का अनुभव बढ़ गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार से मौसम में बदलाव आ रहा है। आने वाले पांच दिनों में रात के तापमान में कमी आने की संभावना नहीं है। हालांकि, इसके बाद न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है, जिससे ठंड बढ़ेगी। फिलहाल, प्रदेश में हवाओं की दिशा दक्षिण-पश्चिम होने के कारण ठंड का असर थोड़ा कम है। सोमवार को रायपुर सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई जा रही है।

अधिकतर क्षेत्रों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। शहरी और बाहरी क्षेत्रों में ठंड का असर कम होता जा रहा है। रविवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है।

## अनमोल दावा

> छाया देने वाले कभी भी बदले में किसी चीज की उम्मीद नहीं करते चाहे वह पेड़ हो या माता-पिता।

# सबके हितों की चिंता करें सरकार, तभी होगा 'विकसित भारत का सपना' साकार

संविधान में जिस समानता की बात की गई है उसे ध्यान में रखते हुए सरकार केवल सरकारी कर्मचारियों के ही हितों की चिंता न करे। उसे सबका साथ-सबका विकास नारे के तहत सबकी चिंता करनी चाहिए। उसे यह संदेश नहीं देना चाहिए कि वह सरकारी कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए अधिक तत्पर और संवेदनशील है।

छले दिनों केंद्र सरकार ने अस्सी वर्ष से ज्यादा उम्र के अपने पेंशनधारियों के अनुकंपा भत्ते में 20 से 100 प्रतिशत तक वृद्धि करने की घोषणा की। यह अतिरिक्त पेंशन होगी। सरकार का यह फैसला चकित करता है। आखिर वह इतनी दयालुता क्यों दिखा रही है? क्या उसने ऐसा कोई अध्ययन किया कि 80 साल से अधिक आयु वाले सेवानिवृत्त सरकारी कर्मियों की वित्तीय हालत अच्छी नहीं है?

इस उम्र तक आते-आते तो लोगों की जरूरतें न्यूनतम हो जाती हैं, फिर अनुकंपा भत्ते में इतनी वृद्धि क्यों? वैसे मानवीय दृष्टिकोण से विचार करें तो बुजुर्गों, दिव्यांगों और गरीबों की चिंता करना हर कल्याणकारी सरकार की जिम्मेदारी है और सरकारें उसे अपनी सामर्थ्य भर पूरा कर भी रही हैं, लेकिन जब खुशहाली के पैमाने पर हमारी स्थिति बहुत अच्छी नहीं है, तब हमें पहले नौजवान पीढ़ी, नवजात बच्चों, उनकी माताओं और मजदूरों की चिंता करनी चाहिए, न कि उन बुजुर्गों की, जिनका जीवन सरकारी नौकरी में पहले से ही सभी पैमाने पर देश के आम आदमी से कहीं अच्छा है।

सरकारी नौकरी में रहते हुए कर्मचारियों को तमाम सुविधाएं मिलती हैं। रिटायरमेंट के बाद भी उन्हें अच्छी-खासी पेंशन मिलती है। अभी हाल में सरकार ने तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता और बढ़ाया है। सभी सरकारी कर्मचारियों को मेडिकल सुविधाएं मुफ्त में मिलती हैं। रेलवे और कुछ अन्य विभागों में रिटायरमेंट के बाद कर्मचारियों को यात्रा के लिए सरकारी पास, तो रक्षा और दूसरी नौकरियों में रियायती दर पर सामान आदि मिलते हैं। नौकरी में रहते हुए उन्हें सरकारी घर, दफ्तर आने-जाने के लिए कार आदि की सुविधा, यात्रा भत्ता, लीव इनकैशमेंट, बोनस आदि मिलते हैं।

केंद्रीय सेवाओं में लगभग 35 लाख सरकारी कर्मचारी और 70 लाख पेंशनधारी हैं। मेडिकल और दूसरी सुविधाओं की वजह से आज लोगों की औसत उम्र भी अच्छी हो गई है। यही कारण है कि सरकारी बजट में पेंशनधारियों का बोझ मौजूदा सरकारी कर्मचारियों से लगभग दोगुना है। इन्हीं सब वजहों से 2004 में सबकी सहमति से पुरानी पेंशन स्कीम के बजाय नई पेंशन स्कीम लागू की गई थी। उसके प्रति असंतोष को देखते हुए सरकार सरकारी कर्मियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम लाई है। एक अच्छी लोक कल्याणकारी सरकार वह होती है, जो देश के हर नागरिक की चिंता करे।

इसी देश में निजी क्षेत्र में पूरी उम्र गुजारने के बाद भी करोड़ों कर्मचारियों के लिए संतोषजनक न्यूनतम पेंशन की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इन कर्मियों की न्यूनतम पेंशन मात्र एक हजार रुपये है। आखिर निजी क्षेत्र के कर्मियों को सरकारी कर्मियों जैसी पेंशन क्यों नहीं मिलनी चाहिए? सरकारी कर्मचारी तो देश में मुश्किल से एक प्रतिशत हैं।आखिर 99 प्रतिशत जनता को देने के लिए सरकार के पास क्या है? आज किसान गांव छोड़कर शहरों में मजदूर बनने के लिए अभिशप्त हैं। क्या सरकार के पास घरों में काम करने वाली महिलाओं के लिए कोई स्कीम है? पिछले दिनों खबर आई कि सरकार अपनी महिला कर्मचारियों के लिए भी हर महीने माहवारी छुट्टी पर विचार कर रही है। क्या निजी कंपनियां अपने यहां काम करने वाली महिलाओं को ऐसी छुट्टी देंगी?

सरकारी सेवाओं में कार्यरत महिलाओं के लिए 20 वर्ष पहले चाइल्ड केयर लीव शुरू हुई थी। वे अपने 18 वर्ष तक के बच्चों की पढ़ाई आदि के लिए दो वर्ष तक वेतन एवं सुविधाओं के साथ घर पर रह सकती हैं। अब पिता को भी कुछ राज्य सरकारें छुट्टी देने लगी हैं। पहले मातृ अवकाश तीन महीने का मिलता था, अब सरकारी कर्मचारियों को छह महीने मिलता है, जबकि मजदूर महिलाओं के बच्चे सड़कों और पार्कों में गर्मी एवं बरसात में घूमते रहते हैं।अगर केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य सरकारें भी ऐसी रेवड़ियां बांटने की कोशिश करने लगीं तो फिर देश की आर्थिक स्थिति का क्या होगा? पंजाब और हिमाचल प्रदेश का उदाहरण हमारे सामने है। अच्छा तो यही होगा कि सरकारें बुनियादी ढांचे के साथ-साथ ऐसे उद्योगों में पूंजी लगाएं, जिनसे अधिक से अधिक रोजगार पैदा हों। बुजुर्गों की इतनी चिंता के बजाय नई पीढ़ी के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करना ज्यादा जरूरी है।

सरकारी नौकरियों में भरपूर सुविधाएं और निजी एवं असंगठित क्षेत्र में सुविधाओं की कमी के समाज पर बुरे असर होते हैं। आज देश का हर युवा सरकारी नौकरी में जाना चाहता है। एक चपरासी की नौकरी के लिए इंजीनियरिंग, पीएचडी किए नौजवान आगे आते हैं। सरकारी नौकरियों की भर्ती में भ्रष्टाचार का कारण ऐसी ही सुविधाएं और रेवड़ियां भी हैं। यही कारण है कि नेता चुनाव से पहले सरकारी नौकरियों की घोषणा सबसे पहले करते हैं। क्या निजी क्षेत्र के लोग सरकारी कर्मचारियों से कम काम करते हैं? क्या उनके काम की चुनौती कमतर है? क्या उन्हें सरकारी कर्मचारियों जैसी सुविधाएं मिलती हैं? यदि नहीं तो क्यों? क्या सरकारी स्कूल के शिक्षक अपने बच्चों को भी सरकारी स्कूलों में पढ़ाते हैं? अब तो कालेज में पढ़ाने वाले भी अपने बच्चों को इंग्लैंड, कनाडा एवं अमेरिका भेजते हैं। पिछले हफ्ते ही उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस बात पर चिंता जताई थी कि बच्चे पढ़ने विदेश भाग रहे हैं।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है पंजाब में नशे का जाल

**ललित गर्ग**



पंजाब में आतंकवाद ही नहीं, तरह-तरह के नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब चुका रहा है, जिसने लंबे समय से पंजाब को जकड़ रखा है। पिछले दस महीनों में पंजाब पुलिस ने 153 बड़े ऑपरेटरों सहित 10,524 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पंजाब ने स्थानीय तस्करों के साथ-साथ बड़े ड्रग नेटवर्क को लक्षित करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। हाल ही में 790 किलोग्राम हेरोइन, 860 किलोग्राम अफीम और अन्य नशीले पदार्थों के साथ-साथ 13 करोड़ रुपये से अधिक ड्रग मनी जब्त की गई है। इन आपराधिक अभियानों की वित्तीय बुनियाद पर प्रहार करते हुए नशे के कारोबार से जड़े लोगों की 208 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। हालांकि, अभी पर्दे के पीछे से काम करने वाले प्रमुख तस्करों को बेनकाब करने और कानूनन दंडित करने की सख्त जरूरत है। ड्रग की तस्करी और व्यापक रूप से नशे की लत पंजाब की सबसे उल्लेखनीय घातक सामाजिक-राजनीतिक चुनौती बन चुकी है जो कई प्रकार से पूरे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बनती जा रही है।

पाकिस्तान पोषित इस नशीले कारोबार की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस साल सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब की पाकिस्तान से लगती सीमा से 183 ड्रोन जब्त किए। जो वर्ष 2023 में बरामद 107 ड्रोन से कहीं अधिक हैं। पाक प्रायोजित यह तस्करी परिष्कृत एवं सुनियोजित तरीके से की जा रही है, जिसके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। खासकर, ऐसे संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में इस समस्या की भयावहता को देखते हुए यह आवश्यक हो जाता है कि इसके खिलाफ एक ऐसी संपूर्ण लड़ाई छेड़ी जाए जिसमें कामयाब होने में अगर कई वर्ष भी लग जाएं तो उसे जारी रखा जाए। नशे की समस्या पिछले कई वर्षों के दौरान और बद से बदतर होती गई है और पिछले पंजाब में हुए विधानसभा चुनावों में यह एक बड़ा मुद्दा था। क्योंकि शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से हर रोज युवाओं की मौत की खबरें हो या विधवाओं का क्रंदन समूचा देश हिला है। कितनी मांओं की गोद उजड़ गई और कितने वृद्ध पिताओं की सहारे की लाठी टूट गई। नशीले पदार्थों का धंधा सीमाओं से होते हुए देश की रग-रग में पसरता गया है।



पंजाब में बिछा ड्रग्स का जाल जनजीवन के लिये बड़ी चुनौती है। पंजाब पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ईरान के तथाकथित गोल्डेन क्रेसेंट से तस्करी कर लाई गई नशीली दवाओं का एक पारगमन बिंदु (ट्रांजिट प्वाईंट) तथा बाजार दोनों ही है। जहां अफगानिस्तान में उत्पादित हेरोईन की भारत-पाकिस्तान की 553 किमी लंबी और अवैध घुसपैठ की संभावनाओं से युक्त सीमा से तस्करी की जाती है, अफीम, अफीम की भूसी, चरस एवं हशीश जैसी अन्य नशीली दवाएं आसपास के देशों से आती हैं। भारत एवं पाकिस्तान सीमा पर अच्छी सड़कों का अभाव भी सीमा पर लगी बाड़ के नीचे सुरंगों की खुदाई के जरिये भारी मात्रा में मादक दवाओं की खेप के हस्तांतरण के काम को आसान बना देती हैं। पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवदी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है, खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब 'नशीले पदार्थों की राजनीति' के युग से गुजर रहा है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'पंजाब में नशे की समस्या ब?ती जा रही है। नकली शराब और नशीले पदार्थों को रोका जाना चाहिए। ऐसे तो युवा खत्म हो जाएंगे। गरीब लोग मर रहे हैं। पंजाब में हर गली में एक भट्टी होती है। अगर कोई चाहे तो देश को खत्म कर देगा। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे चलेगा? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों पंजाब सरकार?' सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। जिसके खिलाफ व्यापक पैमाने पर योजनाबद्ध अभियान वक्त की जरूरत है। सरकारें लंबे समय से इसके विरुद्ध कार्रवाई की बात तो करती रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में कम ही बदलाव नजर आया है। फिलहाल पंजाब में नशीले पदार्थों के खिलाफ जारी कार्रवाई आप सरकार की नई प्रतिबद्धता को दर्शाती है और सतही तौर पर नशे की खिलाफ सफलता के आंकड़े एक सराहनीय कार्रवाई को दर्शाते हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या की विकटता को देखते हुए ये आंकड़े पर्याप्त नहीं हैं। वक्त की जरूरत है कि लगातार भयावह होती स्थिति में पुलिस को इस खेल की बड़ी मछलियों को बेनकाब करके नशे के प्रवाह पर रोक लगानी चाहिए। इसके बाद बड़े नशा तस्करों के खिलाफ व्यापक स्तर का अभियान चलाना चाहिए। जिससे समाज में यह संदेश जाए कि कोई कितना भी ताकतवर व्यक्ति क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। साथ ही यह भी कि समाज विरोधी कार्यों में लिप्त होने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ऐसे तत्वों को राजनीतिक संरक्षण देने वाली ताकतों को भी बेनकाब करने की जरूरत है।

पंजाब सरकार की सख्त कार्रवाई का यह संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार के लिये पडोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। जिसमें उच्च तकनीक व विभिन्न एजेंसियों में बेहतर तालमेल की जरूरत है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। उन्होंने चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे देश के युवा गुटका, चरस, गांजा, अफीम, स्मैक, शराब और भांग आदि के नशे में प? कर बर्बाद हो रहे हैं। इस कारण से वे आर्थिक, सामाजिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से विकलांगता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। विशेषतः पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है। पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मनसूबों को पूरा कर रहा है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
मो. 9811051133

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 304 : श्री राम ने सोते हुए अयोध्यावासियों को छोड़कर आगे बढ़ने का निर्णय लिया

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम और सीता जी पत्तों की शय्या पर शयन कर रहे हैं और दिन भर के थके मांदे अयोध्यावासी भी गहरी नींद सोने लगे। लक्ष्मण जी और सुमंत जी में कुछ देर चर्चा होती रही और इसके बाद लक्ष्मण जी ने सुमंत जी से शयन करने का आग्रह कर स्वयं स्थल की सुरक्षा का दायित्व संभाला।

जब व्यक्ति का निज कुछ नहीं होता तो वह समष्टि का हो जाता है। श्री राम भी वही हैं। एक श्री राम को ही वनवास हुआ लेकिन अयोध्या के हजारों लोगों ने स्वेच्छा से वनवास स्वीकार किया है। उनके अनुसार जहां श्री राम हैं, वहीं अयोध्या है।

लक्ष्मण जी अयोध्यावासियों का प्रेम देखकर अभिभूत हैं। लक्ष्मण जी की आंखों में नींद नहीं है। वे रक्षक की भूमिका निभा रहे हैं। धनुर्धारी लक्ष्मण जी ने तमसा नदी के तट का एक फेरा लगाया और देख लिया कि प्रजाजन सुरक्षित हैं। सभी गहरी नींद में हैं। लक्ष्मण जी नदी तट पर एक चट्टान पर बैठकर सोचने लगे, ''अद्भुत है प्रजाजन का प्रेम! हम लोग अयोध्या नगरी से छह - सात योजन की दूरी पर हैं। क्या सचमुच इन नर नारियों ने भी 14 वर्षों के लिए वनवास ग्रहण कर लिया है? अंततः ये सब कहां तक हमारे साथ चलेंगे? कहीं माता कैकेई यह न सोच लें कि भैया राम इन्हें किसी षड्यंत्र के अंतर्गत अपने साथ वन ले जा रहे हैं। वनवास का अर्थ ही होता है जनशून्य स्थान में रहना। अगर अयोध्या के परिजन हमारे साथ चलते रहेंगे तो यह वनवास नहीं रह जाएगा। इतने लोगों का एक साथ रहना अर्थात एक चलित नगर को लेकर आगे बढ़ना।''

ब्रह्म मुहूर्त आ गया। लक्ष्मण जी यह सब सोच ही रहे हैं कि प्रभु श्री राम और सीता जी नींद से जाग उठे। श्री राम शय्या त्याग कर लक्ष्मण जी के पास जा पहुंचे।

श्री राम ने कहा, ''हमें अपने प्रियजन को इसी तरह सोते हुए छोड़कर आगे प्रस्थान करना होगा लक्ष्मण!''

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

# उनकी दीवाली, अपनी दीवाली

अखबारों में प्रकाशित
दीपावली पर विशेष लेख और
खबर पढ़कर, बानी दुविधा में पड़कर,
पूछ उठे- ''गजाधर!
मैंने कई जगह देखी दिवाली शब्द में
'द' में छोटी 'इ' की मात्रा
यानी ''दीवाली'' और कई जगह पढ़ी
'द' में बड़ी 'ई' की मात्रा, मतलब 'दीवाली'।
तो आप बताइए
सही शब्द है, दिवाली, या कि दीवाली?''
गजाधर मुस्कराए, बोले- ''देखो बानी!
समझो- पैसे वालों की होती है
बड़ी ई वाली दीवाली और हम सब गृहस्थों की,
यानी महंगाई पीड़ितों की,
अपने आप हो जाती है,
छोटी 'इ' की दिवाली!
मतलब बड़ी 'दीवाली' उनकी
और छोटी 'दिवाली' अपनी।''



-गिरीश बख्शी

## कविता

# ''छत्तीसगढ़ आघू बढ़''

हमर छत्तीसगढ़ देबी देवता के गढ़।
दया मया ले हावय बड़हर।
जिंहा साहित्य संस्कृति सुघ्घर।
पारबती कस महतारी मन हे,
बबा कका मन भोला हरहर।।
माटी बर जीये अऊ माटी बर मर,छत्तीसगढ़ आघू बढ़।।
माता कौशिल्या के मईके, राम जनम घर आईस।
छत्तीसगढ़ के कांदा कुशा अऊ बोईर गजब भाईस।
बिदुर अऊ सबरी दाई ह, राम के दरसन पाईस।
छत्तीसगढ़ के भुईया पबरित, महिमा सब झन गाईस।
ईहा के मनखे होथे दयालू, बूता करथे दुसर बर,
छत्तीसगढ़ आघू बढ़।।
छत्तीसगढ़ के लवकुश मन,बने रद्दा ले भटके झन।
बने जिंनिस ल छोड़के, जहर मोहराल गटके झन।
छत्तीसगढ़ के मान बढ़ाय, संस्कार के पाठ पढ़ा दे।
धरती ह सरग बन जाय, आईसन सब
ल करम सीखा दे।
राम राज लाय बर, कुछु तो उदिम कर,
छत्तीसगढ़ आघू बढ़।।
जिंहा लक्ष्मी पति विष्णु देव साथ हो।
सबो के बिकास अऊ सबो के बिसवास हो।
न कहु हताश होय, न कहु उदास होय।
दिन दुगुना, रात चऊगुना बिकास होय।
नित परगति के रद्दा गढ़,
छत्तीसगढ़ आघू बढ़।।



आनंदराम साहू (सार्वा)
कु.बो. भाठागांव

## स्मृतियां 15

# राज्य स्थापना दिवस

एक नवंबर 2000 को मैं दिल्ली में था। वहां सत्र के प्रारंभ में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों का परिचय का सत्र चल रहा था। सब अपना अपना परिचय दे रहे थे। मेरी बारी आने पर मैने अपना परिचय अंग्रेजी में कुछ इस प्रकार दिया - हालांकि मैं म प्र से निकला हूं लेकिन, अब मैं छत्तीसगढ़ का प्रातिनिधित्व कर रहा हूं। सब चौंक गए, अधिकांश ने यह शब्द ''छत्तीसगढ़'' पहली बार सुना था। कर्नाटक, तमिलनाडु, जम्मु कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश, मणीपुर जैसे सुदूर क्षेत्रों से आए प्रतिभागी दो तीन दिन की यात्रा के बाद वहाँ पहुंचे थे। केवल संचालक महोदय सुबह का समाचार पत्र पढ़ कर आए थे। उन्होंने सुनकर कहा- अच्छा, तो आप हमारे नए बने राज्य ''छत्तीसगढ़'' से आएं हैं। उन्होने मेरा स्वागत किया और कहा आप हमारे नए बने राज्य ''छत्तीसगढ़'' से आए हैं। वह मेरे लिए गौरव शाली क्षण था। इधर नया राज्य बन रहा था और उधर मैं नई दिल्ली में राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहा था।

दरअसल 1984 के बाद उनके तीन माह के ''शिक्षा योजना एवं प्रशासन में डिप्लोमा कोर्स में मप्र से कोई नही गया था। अन्त में उन्होने अपना प्रास्पेक्टस सीधे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को भेज दिया। जिसे देखकर मैं खुश हुआ औरा अपना आवेदन बनाकर भेज दिया। सब नए राज्य गठन में व्यस्त थे। मैं जब भोपाल अपना आवेदन अग्रेषित कराने पहुंचा तब संबंधित ने पूछा आप ये कोर्स क्यों करना चाहते हैं? मेरा जवाब था इतने दिन हो गए मुझे प्रशिक्षण देते हुए, मुझे भी तो कुछ सीखने की आवश्यकता है ।

वहां जब भी किसी राज्य की शैक्षिक योजना बनाने संबंधी अभ्यास कार्य दिया जाता तब छत्तीसगढ़ का समावेश जरूर किया जाता। नवाचारी पत्र वाचन सत्र में सभी मेरे पत्र वाचन की बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। जब मैंने अपना पत्र वाचन किया तब यहा तक कि कंटिजेन्ट कर्मचारी तक पूरे ध्यान से मेरा पत्र वाचन सुनते रहे । और अंत में प्रश्न उत्तर सत्र में आसाम के जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा- मुझे लगता है कि यहा भी एक ई जी एस की आवश्यकता है मैंने पूछा - मैं आपका आशय समझ नही पाया। उन्होने कहा मेरा आशय ''इलेक्ट्रिक गारंटी योजना'' से था । दरअसल मेरे पत्र वाचन सत्र के दौरान सतत विद्युत आपूर्ति बाधित होती रही रही, हालंकि वहा जनरेटर था किंतु कुछ तो व्यवधान होता ही था ।



युगल किशोर तिवारी
8827292489

## राशिफल

**मेष** - मेष राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपकी तरक्की होगी और आपका दिन शानदार बीतेगा। दिन किसी विशेष प्रकार की व्यवस्था करने में बीतेगा। आपका भौतिक और सांसारिक दृष्टिकोण कुछ बदल सकता है और आपकी आंखें खोलकर रखने की जरूरत है।

**वृषभ** - वृष राशि के लोगों को लाभ होगा। आपके लिए तरक?की के नए योग बन रहे हैं। आपको भाग्य का साथ मिलेगा और आपके धन में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। आपको दिन में मान प्रतिष्ठा प्राप्त होगी और उत्तम प्रकार की धन संपत्ति मिलने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आपको कारोबार के क्षेत्र में नए सहयोगी मिलेंगे।

**मिथुन** - मिथुन राशि के लोगों को करियर में लाभ होगा और आपके लिए तरक्की के शुभ योग बने हैं। आज का दिन भागदौड़ और विशेष चिंता में बीतेगा। पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहें। आपके घर में कुछ अतिथि और मेहमान भी लंबा पड़ाव डाल सकते हैं। आपके कारोबार में तरक?की होगी और आपका मन खुश होगा।

**कर्क** - कर्क राशि के लोगों को लाभ होगा और हर कार्य में आपको सफलता प्राप?त होने से खुशी होगी। उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं और आपको हर कार्य में मनचाहा परिणाम हासिल होगा। आपका काफी खर्च भी आज हो सकता है। संतान पक्ष के लोगों से आपको खुशी का समाचार मिलेगा।

**सिंह** - सिंह राशि के लोगों के करियर में लाभ होगा और आपके भाग्य में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। आपके लिए व्यावसायिक स्थान परिवर्तन आपके लिए अच्छा मोड़ सिद्ध होगा। व्यापार में निकटवर्ती सहयोगी के प्रति सच्ची निष्ठा और सुमधुर वाणी रखने से आप लोगों का दिल जीत सकते हैं।

**कन्या** - कन्या राशि के लोगों के लिए तरक्की के योग बने हैं और आपको हर कार्य में मनचाही सफलता प्राप्त होगी। आपके सम?मान में वृद्धि होगी और भाग्य आपका साथ देगा। नौकरी या कार्य व्यवसाय के क्षेत्र में चुप रहना लाभकारक रहेगा। बहस व टकराव से बचें और किसी मामले में कोई फैसला लेने से बचें। आपका हर कार्य योजना के अनुसार पूरा होगा।

**तुला** - तुला राशि के लोगों के लिए भाग्य में वृद्धि का दिन है और आपके मन में काफी संतोष रहेगा। आपका का दिन आनंद में बीतेगा और आपकी तरक्की होगी। किसी निकट मित्र की सलाह औ सहयोग से आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपकी तरक्की के योग बन रहे हैं। समय का लाभ उठाएं तो आपको लाभ होगा।

**वृश्चिक** - वृश्चिक राशि के लोगों के लिए दिन करियर मामले में सफलता से भरा होगा और आपको हर काम में विजय प्राप्त होगी। आज का दिन कामकाज को सुधारने में विशेष योगदान दे रहा है। किसी विशेषज्ञ की सलाह आपके काम आएगी और आपको राहत देगी। किसी की सलाह आगे चलकर उपयोगी सिद्ध होगी।

**धनु** - धनु राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपके भाग्य में वृद्धि होने से आपको खुशी होगा। आपको कहीं से अकस्मात् बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति हो सकती है और आपके कोष में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आप अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें।

**मकर** - मकर राशि के लोगों के लिए दिन करियर के मामले में लाभ और सफलता से भरा होगा। आपके भाग?य में वृद्धि होगी और करियर में शानदार तरक?की हासिल होगी। कुछ अधिक व्यस्तता का संकेत मिल सकता है और आपके व्यापार व्यवसाय में लाभ होगा। दोपहर तक आप अपना बिखरा हुआ कारोबार सही तरीके से समेट लें।

**कुंभ** - कुंभ राशि के लोगों के लिए दिन भाग्यशाली है और आपके कारोबार में तरक्की के शुभ योग बन रहे हैं। आपका भाग्य साथ देगा और आपकी कीर्ति में वृद्धि होगी। प्रबल से प्रबल विरोधियों के होने के बाद भी आपको अंत में हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी और आपके भाग्य में तरक्की होगी। आपके जीवन में हर्ष मंगलमय परिवर्तन होंगे।

**मीन** - मीन राशि के लोगों को करियर में सफलता प्राप?त होगी और आपका मन काफी खुश रहेगा। आपको हर कार्य में मनचाहा लाभ मिलने से खुशी होगी। आपके घर पर कोई मेहमान आ सकता है और मंगल कार्य आयोजित हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों में रुचि होगी। आपको कहीं निकट की यात्रा पर जाना हो सकता है।

# आज राज्योत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर होगा




**० जिला स्तरीय राज्योत्सव में मुख्य अतिथि अहिवारा के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा होंगे शामिल**

**० मयारू मोर लाटाबोड़, लोकरंग अर्जुन्दा के साथ ही स्कूली बच्चों की होगी शानदार प्रस्तुति**

बालोद (दावा)। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 05 नवंबर 2024 को स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में आयोजित हो रहे कार्यक्रम का शुभारंभ 05 नवंबर को दोपहर 03 बजे से किया जाएगा। जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा होंगे। जिला स्तरीय राज्योत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर की मयारु मोर लाटाबोड़, लोकरंग अर्जुन्दा और स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर महावीर अंग्रेजी माध्यम स्कूल द्वारा मोर छत्तीसगढ़ महतारी तोला बारम्बार प्रणाम हे, पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास द्वारा सेवा जोहार, संस्कार शाला द्वारा हमर सुग्घर छत्तीसगढ़, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कन्नेवाड़ा द्वारा करमा नृत्य सहित एकलव्य आवासीय विद्यालय डौंडी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेसिक शाला और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय उपलब्धियों पर आधरित स्टॉल लगाया जाएगा।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आज जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम के सफल आयोजन के तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को भव्य एवं गरिमामय रूप से कार्यक्रम के आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी तैयारियों की विभागवार समीक्षा की। इस दौरान अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, एसडीएम श्रीमती प्रतिमा ठाकरे झा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस देवांश सिंह राठौर के अलावा कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण, जल संसाधन, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## औषधीय गुण की जानकारी देकर पौधों का वितरण कर आयुर्वेद दिवस मनाया



डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय आयुर्वेद औषधालय मोहरा मुढ़िया में 29 अक्टूबर को भगवान धनवंतरी दिवस के अवसर पर आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत निःशुल्क रोग निदान व जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना ग्रामवासियों एवं मितानिनों के साथ मिलजुल किया गया।

इस अवसर पर ग्रामीणों को पौधे के औषधीय गुण की जानकारी देते हुए पौधों का वितरण किया गया। शिविर प्रभारी डॉ. वंदना डकाहा ने ग्रामवासियों को उत्तम स्वास्थ्य के लिए संतुलित भदारक व योग के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए लोगों ने दिनचर्या या पालन करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में कुल 81 रोगी लाभान्वित हुए। इस शिविर में डॉ. वंदना डकाह, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी अतुल शंकर महलवार, फार्मासिस्ट व गंगाराम ने अपनी सेवाएं दी।

# विधायक श्रीमती बघेल ने किया बेलगांव में गोस्वामी समाज के भवन का लोकार्पण



**सामाजिकगणों एवं ग्रामीणजनों की मांग पर विधायक द्वारा लाखों रुपए की सौगात दी गई**

डोंगरगढ़/ बेलगांव (दावा)। राजनांदगांव डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित विकासखण्ड के आयुर्वेदिक ग्राम बेलगांव स्थित गोस्वामी समाज द्वारा नवनिर्मित भवन के लोकार्पण अवसर पर विधायक श्रीमती बघेल के साथ दिवाली दशहरा मिलन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया। विधायक हर्षिता बघेल एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। विधायक के बेलगांव आगमन पर समाज की ओर से भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित सामाजिकगणों को संबोधित करते हुए श्रीमती बघेल ने कहा कि बड़े भैया दलेश्वर साहू के माध्यम से आप लोगों को भवन की सौगात मिली है। आशा है भवन के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। सामाजिकगणों की मांग पर शौचालय निर्माण के लिए एक लाख रूपये की घोषणा की। इस अवसर पर भावेश सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगढ़, जिला कांग्रेस के महामंत्री नेतराम साहू, गोस्वामी समाज के राजनांदगांव, बालोद, अंबागढ़ चौकी संयुक्त जिला के अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, उपाध्यक्ष कौशलगीर, कोषाध्यक्ष खिलावन गौर, सचिव इंद्रजीत सहित बड़ी संख्या में सामाजिक गण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। सभा को भावेश सिंह एवं समाज के पदाधिकारीयों ने भी संबोधित किया। संचालन नेतराम साहू एवं आभार गोस्वामी समाज के परिक्षेत्र अध्यक्ष दीपक गीर गोस्वामी ने किया।

# पहला कॉलम...

## छत्तीसगढ़ में अपराधों का ग्राफ बढ़ा गृह मंत्री इस्तीफा दे - भागवत साहू

### प्रकाश मुनि नाम साहब के बेटे उदित मुनि पर हमले की निंदा



राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराधों के ग्राफ पर भाजपा शासन को घेरा है। उन्होंने लगातार हो रहे अपराध के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं गृहमंत्री विजय शर्मा से त्यागपत्र देने की मांग की है। श्री साहू ने छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराधों के लिए भाजपा द्वारा कांग्रेस को दोषी ठहराए जाने पर जवाब में कहा कि इसके लिए स्वयं भाजपा दोषी है। क्योंकि सत्ता सरकार पुलिस सब उनके हाथ में है फिर भी अपराध नियंत्रण नहीं कर पाने के लिए विपक्ष पर यह कैसा दोसा रोपण है।

श्री साहू ने आगे कहा कि प्रदेश में क़ानून व्यवस्था की स्थिति अत्यंत चिंताजनक होती जा रही है। हाल ही में बलौदाबाज़ार ज़िले के दामाखेड़ा में कबीर पंथ के सर्वोच्च गुरु प्रकाश मुनि नाम साहब के सुपुत्र उदित मुनि जी पर हुए हमले की घटना न केवल निंदनीय है। बल्कि प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। धार्मिक गुरुओं पर इस तरह का हमला समाज के धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों पर सीधा आघात है। जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह घटना दर्शाती है कि प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह असफल हो चुकी है। इस गंभीर घटना के बाद राज्य की जनता असुरक्षित महसूस कर रही है और ऐसे में जिम्मेदार नेताओं और अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की आवश्यकता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री से तत्काल इस्तीफे की मांग करता हूं। क्योंकि यह उनकी जिम्मेदारी थी कि प्रदेश के नागरिकों और धार्मिक गुरुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर कठोरतम दंड दिया जाए। छत्तीसगढ़ की जनता को सुरक्षित माहौल देने के लिए प्रशासन को और अधिक प्रभावी कदम उठाने होंगे। प्रदेश का हर नागरिक और धार्मिक स्थान सुरक्षित रहे यह सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य है।

## कुम्हालोरी में धूमधाम से शिव पार्वती की शोभायात्रा निकली



हरदी (दावा)। ग्राम कुम्हालोरी (सुरगी) में ग्रामवासियों ने बड़े धूमधाम से गौरा-गौरी और भगवान शिव, माता पार्वती तथा भोजली के साथ पूजा अर्चना करके बैंड बाजा बजाते हुए पूरे गांव में शोभायात्रा निकली, जिसमें गांव के महिला अधिक संख्या में शामिल हुई। इस साल सोमवती अमावस्या का पर्व होने के कारण शनिवार 2 नवंबर तारीख को सुबह शोभायात्रा निकाली गई। साथ ही साथ ग्राम कुम्हालोरी में 3 नवंबर को मातर महोत्सव का भी आयोजन किया गया।

## राज्योत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि में किया गया संशोधन

### विधायक ललित चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा राज्योत्सव कार्यक्रम



मोहला (दावा)। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आज 5 नवंबर को जिला मुख्यालय मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय दशहरा मैदान बस स्टैंड मोहला में आयोजित किया जाएगा। जिला स्तर पर आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर होंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विधायक श्री चंद्राकर सुबह 11:00 बजे जिला मुख्यालय पहुंचकर राज्योत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। पूर्व में इस कार्यक्रम के लिए रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत को मुख्य अतिथि बनाया गया था। इसमें संशोधन कर विधायक ललित चंद्राकर को मुख्य अतिथि बनाया गया है।

## प्रवेश परीक्षा की ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 9 नवंबर

बालोद। शिक्षा सत्र 2025-26 में पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 11वीं में लेटरल एंट्री प्रवेश चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाईन पंजीकरण की तिथि 09 नवंबर 2024 निर्धारित की गई है। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 11वीं में लेटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा की ऑनलाइन पंजीकरण करने की प्रक्रिया जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट नवोदय डॉट जीओवी डॉट इन पर की जा रही है।

# जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर




मोहला (दावा)। जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा, प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी संघ रायपुर पंजीयन क्रमांक 6685 के आव्हान पर 4 नवंबर से संभाग स्तरीय अनिश्चितकालीन आंदोलन का आगाज दुर्ग में किया गया। जिले के 19 सहकारी समिति में कार्यरत समिति प्रबंधक, सहायक समिति प्रबंधक, लेखापाल, लिपिक सह कंप्यूटर ऑपरेटर, विक्रेता, चौकीदार एवं दैनिक वेतनभोगी सभी आंदोलन के प्रथम दिवस में बढ़ चढ़कर भाग लिए एवं धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी कर, अपनी मांगो के समर्थन में शासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया। समिति कर्मचारियों की आंदोलन में चले जाने से आज जिले की सभी 19 समितियां में एवं उनके द्वारा संचालित राशन दुकानों में ताला लटका रहा। वहीं समिति द्वारा संचालित गैस एजेंसी भी बंद रही। कई किसानों को रवि फसल हेतु खाद बीज के लिए भटकते हुए देखा गया। वहीं राशन दुकानों में भी ताला लटके होने के कारण लोग राशनकार्ड लेकर भटकते रहे। किसानों द्वारा समिति तक जाने के बाद पता चला कि सभी हड़ताल में है, आज खाद बीज भी नहीं मिल पाया। कुछ समिति में बचत बैंक भी संचालित किया जाता है वहां भी खाताधारक को खाली हाथ वापस लौटने को मजबूर होना पड़ा। जिला संघ के अध्यक्ष भाईलाल देवांगन ने बताया कि प्रदेश संघ के आव्हान पर लंबित 3 सूत्रीय मांगों के समर्थन में 22 अक्टूबर को जिले में धरना प्रदर्शन कर, प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, रजिस्टर सहकारिता खाद्य सचिव के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर 3 सूत्रीय मांग को पूरा करने का निवेदन किया गया। उसके बाद भी शासन द्वारा इस मांग की पूर्ति नहीं किया गया। मजबूर होकर आज प्रदेश के 13000 कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले गये।

० धान खरीदी की तैयारी होगी प्रभावित होगा

प्रदेश के 2739 धान खरीदी केन्द्रों में शासन द्वारा 14 नवंबर से धान खरीदी करने का फरमान जारी किया जा चुका है। लेकिन कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने से खरीदी के पूर्व की तैयारी पूरी तरह प्रभावित हुई है। उनकी प्रमुख मांगे प्रदेश के 2058 समितियों को 3 लाख का प्रबंधकीय अनुदान प्रदान किया जाये। सेवा नियम 2018 में आवश्यक संशोधन किया जाये। धान खरीदी नीति में संशोधन कर सुखत मान्य किया जाये।

## शास्त्रीय नृत्य कार्यशाला में भूमि वंदना, पल्लवी व कृष्ण लीला का उत्कृष्ट प्रदर्शन



डोंगरगढ़ (दावा)। पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ में ओडीसी शास्त्रीय नृत्य के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ओडिसी नृत्य गुरु श्रीरूद्र प्रसाद स्वाइन के द्वारा शानदार प्रस्तुति कर बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया। इसमें भूमि वंदना, मंगलाचरण, पल्लवी व कृष्ण लीला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस कार्यशाला के संयोजक शिवम चौहान ने अपना अनुभव भी साझा किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य का प्रचार-प्रसार करना और उन्हें संजोये रखना है। और बच्चों में रुचि जागृत करना। इस अवसर पर प्राचार्य एसआर कुजूर ने कार्यशाला में ओडिसी नृत्य की सराहना की और शास्त्रीय कला और संगीत के लिए अभी प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक संतोष कुमार ने किया। संजू नागदेवे ने आए हुए कलाकारों का आभार व्यक्त किया। डोंगरगढ़ के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में समय-समय पर ज्ञानवर्धक रचनात्मक कार्यक्रम होते रहते है।

## स्पोर्ट्स अकादमी ऑफ मुसरा के कराते खिलाड़ियों का राजधानी रायपुर में उत्कृष्ट प्रदर्शन



डोंगरगढ़(दावा)। दिनांक 27 अक्टूबर को रायपुर जिले के एमबी कराते एकादमी द्वारा आयोजित की गयी, कराते के बेल्ट परीक्षा मे स्पोर्ट्स अकादमी ऑफ मुसरा राजनांदगाव से तीन कराते खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमे वाइट बेल्ट से येलो बेल्ट के परीक्षा हेतु दिव्यानी यादव एवं सागर यादव तथा ऑरेंज बेल्ट से ग्रीन बेल्ट हेतु उर्वशी वर्मा ने भाग लिया। इस एक दिवसीय बेल्ट परीक्षा का आयोजन वरुण भवन टिकरापारा में आयोजित की गयी, इस दौरान फीनिक्स शितोरियु कराते डू एसोसिएशन इंडिया के अंतर्गत लगभग 100 खिलाड़ियों ने कराते की बेल्ट परीक्षा मे सहभागिता प्रदान की।

मुख्य परीक्षक के रुप मे शिहान मनीष बाग ब्लैक बेल्ट 5वॉ डान, सेंसाई संजय ठाकुर ब्लैक बेल्ट 4था डान नेशनल रेफेरी ग्रेड ए, तथा सेंसाई राजू धीवर ब्लैक बेल्ट 3रा डान ने सभी खिलाडियों की परीक्षा ली। इस एक दिवसीय कराते बेल्ट परीक्षा मे खिलाडियों के बेसिक, स्टैमिना, पंच, किक, ब्लॉक, इप्पोन, बुनकाई, काता, स्पीड, एवं कुमिते तकनीक इत्यादि का बारिकी से टेस्ट लिया गया। इस परीक्षा मे वाइट,येलो,ऑरेंज, ग्रीन, ब्लू, ब्राउन बेल्ट के खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने पुर जोर आजमाईश सफल होने के लिए लगाई। इस कार्यक्रम के अंत मे खिलाड़ियों को परिक्षकों के द्वारा कड़ी मेहनत पर विशेष जोर देने को कहा जिससे सफलता के शिखर तक पंहुचा जा सके।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई शहरवासियों ने दीपावली

### कलाकार प्रकाश टांक ने पानी पर बनाई आकर्षक रंगोली



डोंगरगढ़(दावा)। दीपावली का पर्व शांति और उत्साह के साथ मनाया गया। लोगों ने अपनी पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए विधि विधान से महालक्ष्मी की पूजा अर्चना कर आर्थिक संपन्नता की दुआ मांगी। धनतेरस के साथ ही पांच दिनों का दीपावली पर्व प्रारंभ हुआ जो भाई दूज के साथ सम्पन्न हुआ।

दीपावली पर्व के दौरान अपने-अपने घरों के सामने आकर्षक रंगोली बनाने की रुचि परिवार के हर सदस्य को रहती है। घर के आंगन में बनाई गई आकर्षक रंगोली घर की सजावट में चार चांद लगाने का कार्य करती है। शहर के बच्चों व बालकों के प्रेरणा स्रोत एवं स्कूल कॉलेज में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट बनाकर अपना व्यवसाय करने वाले, पेंटिंग कला के व्यवसाय से जुड़े स्थानीय कलाकार प्रकाश टांक ने अपने घर पर पानी में रंगोली बनाकर लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया। वे नगर के एकमात्र ऐसे कलाकार हैं जो अपनी कला का प्रदर्शन हर दीपावली में करते हैं। उनके बनाए हुए पोस्टर भी लोगों में विख्यात है स्थानीय पटेल वार्ड में अपने निवास में भी अपनी कला का प्रदर्शन भी करते हैं। और पूरे वर्ष भर छोटे बच्चों को अपनी कला सीखाकर उन्हें कलाकार बनाने का कार्य भी कर रहे हैं। उनकी रंगोली व पेंटिंग कला का प्रदर्शन भिलाई रायगढ़ सहित अन्य बड़े शहरों में भी हो चुका है।

## ग्रामीणों ने डोड़की में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर नंदी भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की



डोंगरगढ़(दावा)। विकासखंड के ग्राम पंचायत छिपा के आश्रित ग्राम डोड़की में सरपंच ओमप्रकाश लिल्हारे व युवा संगठन व ग्रामीणों के प्रयास से नंदी भगवान की विधिवत पूजा अर्चना कर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

ग्रामीणों ने बताया कि नंदी भगवान की मूर्ति की मांग वर्षो से की जा रही थी।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद गांव में शोभायात्रा निकाली गई। इसमें छत्तीसगढ़ी नृत्य की झलक देखने को मिली। रात में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी पारंपरिक नाच पार्टी ग्राम घूरे बंजारी की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में ईश्वर लाल वर्मा, तेज लाल वर्मा, यशवंत वर्मा, दिलीप वर्मा, जीवन लाल वर्मा, सुनील वर्मा, सुरेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## क्षेत्र के अनेक आयोजनों में पहुंची जागृति यदु




डोंगरगाँव (दावा)। धनतेरस एवं दीपावली के शुभ अवसर में क्षेत्र के ग्राम अड़ाम, दर्राबांधा, तिलईरवार, गाताटोला में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ.

इन सभी ग्रामों में मुख्य अतिथि के रूप में जागृति चुन्नी यदु ने आयोजन एवं दीपावली की बधाई व शुभकामनायें दी. प्रतिवर्ष होने वाले आयोजन की सराहना की. इस अवसर पर जनपद सदस्य जागेश्वर यादव, नसीब रात्रे, गुलशन पटेल, लीला मंडावी सरपंच तेंदुनाला, मीना साहू सरपंच टप्पा, संतोष निषाद सरपंच तिलईरवार, चन्द्रकुमार साहू पूर्व सरपंच, बसंत निषाद पूर्वसरपंच, चमन वर्मा, शेषनारायण धनकर ग्राम प्रमुख आयोजन समिति के सदस्यगण एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे.

## दीपावली उत्सव पर करमरी में लोक संध्या रायपुर की शानदार प्रस्तुति




डोंगरगाँव (दावा)। अंचल के ग्राम करमरी में दीपावली पावन पर्व में प्रतिवर्षानुसार ग्रामवासियों के सहयोग से मां लक्ष्मी विराजित की गई.

इस शुभ अवसर पर श्री लक्ष्मी ग्रुप जयस्तंभ चौक करमरी के द्वारा सांस्कृतिक लोक कला मंच लोक संध्या रायपुर छत्तीसगढ़ का कार्यक्रम एक नवंबर शुक्रवार को आयोजित किया गया. यह कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ. ग्रामीणों ने बताया कि कार्यक्रम आकर्षक और शानदार प्रस्तुति रहा है. इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण भी मौजूद रहे. वहीं 3 नवंबर को महालक्ष्मी हवन, पूर्णाहुति एवम् भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गयी.

# पहला कॉलम...

## भारत की सीनियर ब्रिज टीम का शानदार प्रदर्शन, ओलंपियाड में रजत पदक जीता

आयर्स । अपने पिछले मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारत की सीनियर टीम को 16वें विश्व ब्रिज ओलंपियाड के फाइनल में अमेरिका से 165-258 से हारने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय टीम में कमल मुखर्जी, विभास टोडी, बादल दास, प्रणब बर्धन, अरुण बापट, रवि गोयनका और गैर खिलाड़ी कप्तान गिरीश बिजूर शामिल थे। भारतीय टीम ने 96 बोर्ड के फाइनल में शुरू में अमेरिका की टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश की। अमेरिका की टीम ने हालांकि दो दिन तक चल फाइनल में आखिर तक अपनी लय बनाए रखी। इस बीच इसी प्रतियोगिता के साथ खेली गई युगल स्पर्धा में संजीत डे और बिनोद साव की युवा भारतीय जोड़ी ने भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया।

## डरबन पहुंची सूर्या सेना

नई दिल्ली। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम इंडिया साउथ अफ्रीका पहुंच चुकी है। जहां उसे चार मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। सूर्यकुमार के भारत के फुल टाइम कप्तान बनने के बाद ये उनकी तीसरी सीरीज है जिसमें वह जीत की हैट्रिक लगाना चाहेंगे। इसके लिए टीम इंडिया डरबन पहुंच चुकी है। भारत ने इससे पहले सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में श्रीलंका और बांग्लादेश को टी20 सीरीज में मात दी थी। सूर्यकुमार पार्ट टाइम कप्तान के तौर पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 टीम की कप्तानी कर चुके हैं, लेकिन फुल टाइम कप्तान बनने के बाद वह पहली बार साउथ अफ्रीका दौरे पर गए हैं। इस सीरीज के लिए बीसीसीआई की सेलेक्शन कमेटी ने कई खिलाड़ियों को आराम दिया है क्योंकि भारत को 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी टेस्ट सीरीज खेलनी है जिसमें टीम के कई सीनियर और मुख्य खिलाड़ी शामिल हैं। साउथ अफ्रीका सीरीज के लिए तीन नए खिलाड़ियों की टीम में एंट्री हुई है। कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले रमनदीप सिंह को पहली बार जगह मिली है। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के विजय कुमार को भी पहली बार टीम में शामिल किया गया है। आरसीबी के ही बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल को भी पहली बार टी20 टीम में शामिल किया गया है। इससे पहले वह टेस्ट टीम में चुने जा चुके हैं। बांग्लादेश के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में उन्हें चुना गया था लेकिन डेब्यू का मौका नहीं मिला था।

## शेयर बाजार : निवेशकों के 2 लाख करोड़ से अधिक का हुआ स्वाहा

नई दिल्ली। शेयर बाजार में बिकवाली का दौर जारी है। अक्टूबर के बाद नवंबर में भी बाजार की शुरुआत बड़ी गिरावट से हुई है। सोमवार को शुरुआती कारोबार में बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 800.00 अंक टूटकर 78,924.12 अंक पर कारोबार कर रहा है। वहीं, एनएसई निफ्टी 262.65 अंक गिरकर 24,041.70 अंक पर ट्रेड कर रहा है। बाजार में बड़ी गिरावट से निवेशकों के 2 लाख करोड़ से अधिक स्वाहा हो गए हैं। आपको बता दें कि 31 अक्टूबर को जब बाजार बंद हुआ था तो बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 4,44,71,429.92 यानी 4.44 लाख करोड़ से अधिक था। आज बाजार में बड़ी गिरावट से लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप घटकर 4,42,43,633.25 यानी 4.42 लाख करोड़ रह गया है। इस तरह निवेशकों को 2 लाख करोड़ रुपये का नुसकान एक झटके में हो गया है। अगर पिछले महीने की बात करें तो निवेशकों के 31 लाख करोड़ रुपये डूब गए। अक्टूबर की शुरुआत में बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 4,74,86,463.65 रुपये था जो 31 अक्टूबर को घटकर 4,44,71,429.92 रह गया।

## इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटने से 6 की मौत

नई दिल्ली। इंडोनेशिया में हादसे की बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां फ्लोरेस द्वीप में सोमवार को आधी रात के करीब माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ है। इंडोनेशिया की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बताया है कि इस आपदा के कारण कई मकान जल गए हैं और कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है। इस घटना के बाद इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट बढ़ने के साथ ही चेतावनी की स्थिति को उच्चतम स्तर तक बढ़ा दिया है। फ्लोरेस द्वीप में हुए ज्वालामुखी विस्फोट के कारण करीब 2000 मीटर तक ऊंचाई पर राख हवा में फैल गई है। इस कारण गर्म राख ने पास के एक गांव को चपेट में ले लिया। इस एक कैथोलिक नन के एक कॉन्वेंट समेत कई मकान जल गए और 6 लोगों की मौत हो गई। पहला मृतकों का आंकड़ा 9 बताया गया लेकिन स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के बाद इसे कम कर के 6 किया गया है। इंडोनेशिया की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने कहा है कि ज्वालामुखी विस्फोटों के कारण जान-माल को हुए नुकसान के बारे में जानकारी जुटा रही है। माना जा रहा है कि हादसे में ढहे मकानों के नीचे और लोग दबे हो सकते हैं। इस कारण और लोगों की जान जाने की आशंका है।

# पहले वनडे में ही पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया ने 2 विकेट से दी पटखनी




नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे मैच में पाकिस्तान को 2 विकेट से हरा दिया है. मेलबर्न में खेले गए इस मैच में पाक टीम पहले खेलते हुए 203 रनों पर सिमट गई थी, जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 99 गेंद शेष रहते इस मुकाबले को जीत लिया है. पाकिस्तान में वापसी करने वाले शाहीन अफरीदी ने 2 अहम विकेट चटकाए, लेकिन टीम को जीत तक नहीं ले जा सके. इस मैच में बाबर आजम भी चर्चा का केंद्र बने, जिन्होंने 37 रन बनाए.

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया, जो सही भी साबित हुआ. ऑस्ट्रेलिया की ओर से घातक गेंदबाजी के कारण पाकिस्तान 70 के स्कोर तक 4 विकेट गंवा चुका था और इस बीच बाबर आजम को 37 रन के स्कोर पर एडम जैम्पा ने क्लीन बोल्ड किया. नए कप्तान मोहम्मद रिजवान ने 44 रन बनाए. खिलाड़ियों के बीच छोटी-छोटी साझेदारियां होती रहीं. शाहीन अफरीदी ने 24 रन और नसीम शाह ने 40 रन की पारी खेलकर प्रभावित किया. ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा विकेट मिचेल स्टार्क ने लिए, जिन्होंने 3 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा.

ऑस्ट्रेलिया की रोमांचक जीत

204 रनों के लक्ष्य का पीछा करने आई ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत भी खराब रही. मैथ्यू शॉर्ट और जेक फ्रेजर मैकगर्क 28 रन के स्कोर तक अपना विकेट गंवा चुके थे. उसके बाद स्टीव स्मिथ और जोश इंगलिश ने कमान संभाली, जिनके बीच 85 रनों की पार्टनरशिप ने मैच काफी हद तक मेजबान ऑस्ट्रेलिया के पाले में डाल दिया था. मगर जैसे ही स्टीव स्मिथ 44 रन बनाकर आउट हुए, उसके 26 रन के भीतर ऑस्ट्रेलिया ने अगले 4 विकेट खो दिए. पाकिस्तान मुकाबले में वापसी कर चुका था, लेकिन कप्तान पैट कमिंस उसकी जीत की राह में रोड़ा बन गए. कमिंस ने नाबाद 32 रन की कप्तानी पारी खेलकर अपनी टीम की 2 विकेट से जीत सुनिश्चित की. उनके अलावा जोश इंग्लिश ने 49 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया. पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा विकेट हैरिस रउफ ने लिए, जिन्होंने 3 बल्लेबाजों को आउट किया.

## कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल में पेगुला को हराया, स्वियातेक की संघर्षपूर्ण जीत

रियाद । इस टूर्नामेंट में विश्व की चोटी की आठ खिलाड़ी भाग ले रही हैं। नए कोच के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल में पहुंची स्वियातेक ने सितंबर में अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पेगुला से सीधे सेटों में हारने के बाद से कोई मैच



नहीं खेला था। अमेरिका की कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स में हम वतन जेसिका पेगुला को 6-3, 6-2 से हराकर साल के इस अंतिम टेनिस टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत की। दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने अपने पहले मैच में बारबोरा क्रेजिसिकोवा को 4-6, 7-5, 6-2 से हराया। यह उनकी पिछले दो महीने में पहली जीत है।

इस टूर्नामेंट में विश्व की चोटी की आठ खिलाड़ी भाग ले रही हैं। नए कोच के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल में पहुंची स्वियातेक ने सितंबर में अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पेगुला से सीधे सेटों में हारने के बाद से कोई मैच नहीं खेला था। शनिवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने अपने शुरुआती मैच में झेंग किनवेन पर सीधे सेटों में जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में चौथी वरीयता प्राप्त इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को हराया।

## रणजी ट्रॉफी के बाद रिद्धिमान साहा लेंगे क्रिकेट से संन्यास

नई दिल्ली। भारत के विकेटकीपर रिद्धिमान साहा ने घोषणा की है कि वे इस साल 2024-25 रणजी ट्रॉफी सीजन के बाद क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे, जिससे उनके 17 साल लंबे करियर का समापन हो जाएगा।

साहा फिलहाल बेंगलुरु में कर्नाटक के खिलाफ बंगाल के चौथी राउंड मैच की तैयारी में जुटे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, क्रिकेट में एक यादगार सफर के बाद, यह मेरा आखिरी सीजन होगा। बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी में खेलते हुए संन्यास लेना मेरे लिए सम्मान की बात है। आइए इस सीजन को खास बनाएं।



39 साल के साहा ने 2022-23 में बंगाल टीम के साथ विवाद के कारण टीम से दूरी बना ली थी। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के सचिव देबब्रत दास ने उन पर खेलने से बचने के बहाने बनाने का आरोप लगाया था। लेकिन इस सीजन में साहा ने टीम में वापसी की और रणजी ट्रॉफी के पहले दो मैचों में खेला।

साहा ने भारत के लिए 40 टेस्ट खेले हैं, जिनमें उन्होंने 1353 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं। लंबे समय तक वह टीम इंडिया के साथ जुड़े रहे, लेकिन ऋषभ पंत के आने से टीम में उनकी जगह बनाना मुश्किल हो गया, हालांकि वह कई बार दूसरे विकेटकीपर के रूप में शामिल होते रहे। साहा ने दिसंबर 2021 में आखिरी बार भारत के लिए खेला था और 2023 में उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से रिलीज कर दिया गया था।

आईपीएल 2025 की नीलामी से पहले, गुजरात टाइटंस ने उन्हें रिटेन नहीं किया। साहा उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने 2008 से हर सीजन आईपीएल में खेला है।

## कनाडा में हिंदुओं पर हमले को लेकर भारतीय उच्चायोग का फूटा गुस्सा

**ओटावा। कनाडा के ब्रैम्पटन में एक हिंदू मंदिर पर हुए हिंसक हमले के तुरंत बाद ओटावा में भारतीय उच्चायोग का बयान सामने आया है। मंदिर के पास एक वाणिज्य दूतावास शिविर आयोजित किया जा रहा है और यह सब उसी दौरान हुआ। उच्चायोग ने कहा कि ये बेहद परेशान करने वाला है और नियमित वाणिज्य दूतावास कार्य के दौरान इस तरह के 'व्यवधान' की अनुमति दी जा रही है।**

उच्चायोग ने कहा कि स्थानीय सह-आयोजकों के पूर्ण सहयोग से हमारे वाणिज्य दूतावासों द्वारा आयोजित किए जा रहे नियमित कांसुलर कार्य के लिए इस तरह के व्यवधानों को अनुमति देना बेहद निराशाजनक है। हम भारतीय नागरिकों सहित आवेदकों की सुरक्षा के लिए भी बहुत चिंतित हैं, जिनकी मांग पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। बयान में कहा गया कि भारत विरोधी तत्वों के इन प्रयासों के बावजूद, हमारा वाणिज्य दूतावास भारतीय और कनाडाई आवेदकों को 1000 से अधिक जीवन प्रमाण पत्र जारी करने में सक्षम रहा है।

उच्चायोग ने ये भी कहा कि इन घटनाओं और भारतीय राजनयिकों को मिल रही धमकियों के मद्देनजर अब जो भी निर्धारित वाणिज्य दूतावास शिविरों का आयोजन होगा वो केवल स्थानीय अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था पर ही निर्भर करेगा।

उच्चायोग ने अपने बयान में ये भी कहा कि यदि इस तरह के व्यवधानों के कारण कोई शिविर आयोजित नहीं किया जाता है, तो उन सेवाओं को प्रदान करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। हालांकि, इन सेवाओं के स्थानीय उपयोगकर्ताओं को असुविधा पहुंचा सकती हैं।

भारतीय उच्चायोग का यह बयान भारत और कनाडा के बीच खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर उठे कूटनीतिक तनाव के बीच आया है। बता दें कि निज्जर हत्याकांड में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर आरोप लगाए थे, जिसके बाद भारत ने अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया था और कनाडा पर कड़ा एक्शन लिया था।

पिछले वर्षों की तरह, ओटावा में भारतीय उच्चायोग और वैंकूवर तथा टोरंटो में भारतीय महावाणिज्य दूतावासों ने स्थानीय जीवन प्रमाण-पत्र लाभार्थियों (कनाडाई और भारतीय) के लाभ और सुविधा के लिए इस अवधि के दौरान कांसुलर शिविरों का आयोजन किया है।

## बार्सिलोना की एक और जीत, रियाल मैड्रिड पर नौ अंक की बढ़त बनाई

मैड्रिड । बार्सिलोना अब मैड्रिड से नौ अंक आगे हो गया है, जिसका वालेंसिया में शनिवार को होने वाला मैच बाढ़ के कारण स्थगित कर दिया गया था। बाढ़ के कारण विलारियाल और रेयो वैलेकैनो के बीच होने वाला मैच भी स्थगित कर दिया गया।



दानी ओल्मो के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने एस्पेनयोल पर 3-1 से जीत दर्ज करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के वर्तमान सत्र में अपना दबदबा बरकरार रखा। एक सप्ताह पहले सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में रियाल मैड्रिड को 4-0 से हराने वाले बार्सिलोना की तरफ से राफिन्हा ने भी गोल किया।

बार्सिलोना अब मैड्रिड से नौ अंक आगे हो गया है, जिसका वालेंसिया में शनिवार को होने वाला मैच बाढ़ के कारण स्थगित कर दिया गया था। बाढ़ के कारण विलारियाल और रेयो वैलेकैनो के बीच होने वाला मैच भी स्थगित कर दिया गया। दक्षिणी स्पेन में बाढ़ के कारण अभी तक 200 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इस क्षेत्र में होने वाले सेकंड डिवीजन के तीन मैचों को भी स्थगित कर दिया गया है।

बार्सिलोना ने इस जीत से एस्पेनयोल के खिलाफ अपना अजेय अभियान 27 में तक बढ़ा दिया है। लीग तालिका में 17वें स्थान पर मौजूद एस्पेनयोल अपने पिछले सात लीग मैचों में से छह हार चुका है। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड के कोच डिएगो शिमोन के बेटे गिउलिआनो शिमोन ने लास पालमास के खिलाफ टीम की 2-0 की जीत में क्लब के लिए अपना पहला गोल किया।

## भारत डब्लूटीसी तालिका में दूसरे स्थान पर खिसका

मुंबई। वानखेड़े स्टेडियम में तीन दिनों के भीतर न्यूजीलैंड से 25 रन से हारने के बाद, भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया शीर्ष स्थान पर आ गया है। मुंबई में न्यूजीलैंड से हार के कारण, भारत के अब 58.33 अंक प्रतिशत हैं, और वह ऑस्ट्रेलिया के 62.5 अंक प्रतिशत से नीचे आ गया है। इस बीच, न्यूजीलैंड ने 1999/2000 में दक्षिण अफ्रीका की 2-0 की जीत के बाद पहली बार भारत को उसके घर में सीरीज में क्लीन स्वीप करने के बाद 54.55 अंक प्रतिशत के साथ चौथा स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को पीछे छोड़ दिया, जो इस सप्ताह की शुरुआत में बांग्लादेश को 2-0 से हराने के बाद 54.17 अंक प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर है। इस बीच, श्रीलंका 55.56 अंक प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है।




भारत के पास 2023-2025 डब्लूटीसी चक्र असाइनमेंट में ऑस्ट्रेलिया में केवल सबसे महत्वपूर्ण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी बची है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ 22 नवंबर से 7 जनवरी, 2025 तक पर्थ, एडिलेड, ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में खेली जाएगी। अगर भारत को लगातार तीसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनानी है, तो उसे ऑस्ट्रेलिया में कम से कम चार जीत की ज़रूरत होगी। वरना उन्हें अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले डब्लूटीसी फाइनल में प्रवेश करने के लिए अन्य सीरीज़ के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। क्लीन स्वीप हार से बचने के लिए 147 रनों की ज़रूरत थी, भारत का शीर्ष क्रम एक बार फिर लड़खड़ा गया, क्योंकि शीर्ष पांच बल्लेबाज़ सिर्फ़ 29 रन बनाकर आउट हो गए।

**0 भारतीय सड़क कांग्रेस अधिवेशन में शामिल होंगे....**

संरचना को मजबूत बनाएगा, बल्कि भविष्य में सड़क सुरक्षा और गुणवत्ता को भी सुनिश्चित करेगा। यह अधिवेशन सभी भागीदारों के लिए एक मंच प्रदान करेगा, जहां वे अपने विचार साझा कर सकेंगे और नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।

**0 राज्योत्सव का शुभारंभ: मुख्यमंत्री बोले.....**

क्षेत्र में विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास गौरवान्वित करने वाले हैं। यहां से राम का नाता रहा है, ये माता कौशल्या की भूमि रहा है। छत्तीसगढ़ को आज विकास करते देख काफी खुशी का अनुभव होता है। डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के साथ मध्यप्रदेश हर कदम पर खड़ा है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को जहां भी मध्यप्रदेश की जरूरत होगी, वो उनके साथ हमेशा खड़ा रहेगा। उन्होंने इस बात की खुशी जतायी कि चुनाव में भाजपा ने जो मोदी की गारंटी दी थी, उसे छत्तीसगढ़ तेजी से पूरा कर रहा है। विष्णुदेव साय की कार्यशैली की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह से छत्तीसगढ़ में काम हो रहा है, उससे एक दिन ये पूरे देश के लिए मिसाल बनेगा।

**0 अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए आज...**

बैलेट से होती है। साल 2000 में जब अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव हुए तब चुनावी प्रक्रिया थोड़ी अलग थी। बैलेट पेपर के साथ पंच-कार्ड वोटिंग मशीन से वोट डाले जाते थे, लेकिन यह चुनाव काफी विवादों में घिर गया।

फ्लोरिडा में चुनाव के नतीजों पर सवाल उठे, रिपब्लिकन उम्मीदवार जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने अपने प्रतिद्वंद्वी अल गोर को 537 वोटों के अंतर से हरा दिया। चुनाव इतना विवादित था कि अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट को रिकाउंटिंग की प्रक्रिया बीच में ही रुकवा कर बुश को विजेता घोषित करना पड़ा। इसके बाद अमेरिका ने 2002 में वोटिंग में सुधार को लेकर बिल पास किया गया। हेल्प अमेरिका वोट एक्ट के पास होते ही सरकार ने अरबों डॉलर से खरीदे जाने वाले 'डायरेक्ट रिकॉर्डिंग इलेक्ट्रॉनिक' (डीआरई) मशीनें खरीदनी बंद कर दी, क्योंकि इस मशीन के जरिए होने वाली वोटिंग का कोई पेपर ट्रेल नहीं था। साल 2006 में पेपरलेस मशीन से मतदान के लिए रजिस्टर्ड वोटर्स का आंकड़ा बढ़ गया, जबकि हाथ से मार्क किए गए पेपर बैलेट सबसे अधिक प्रसिद्ध हो रहे थे, इन बैलेट पेपर को इलेक्ट्रॉनिक टैब्यूलेटर्स स्कैन कर रखते थे।

**यूएस चुनाव का भारत पर क्या होगा असर?**

# प्रथम पेज का शेष

2020 के राष्ट्रपति चुनाव में जब जो बाइडेन की जीत हुई थी, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले उनको बधाई दी थी। इसके बाद बीते कुछ सालों में भारत और अमेरिका के रिश्ते स्थिर ही रहे हैं। भारत के लिहाज से ट्रंप का चुनाव जीतना ज्यादा फायदेमंद होगा। अभी बाइडेन की विदेश नीति की वजह से रूस, चीन के ज्यादा करीब जा रहा है, जबकि, भारत ऐसा नहीं चाहता। जबकि ट्रंप सरकार बनने से रूस और अमेरिका के रिश्ते सुधर सकते हैं। इससे वैश्विक स्तर पर भारत मजबूत होगा। ट्रंप जीतें या फिर कमला हैरिस, दोनों ही भारत को अपने साथ रखेंगे, क्योंकि इंडो-पैसिफिक रीजन में भारत ही है जो चीन का मुकाबला कर सकता है।

अभी चीन का दबदबा कम करने के लिए अमेरिका को भारत की जरूरत है। अगर कमला हैरिस जीतती हैं तो भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग और मजबूत करने की कोशिश कर सकती हैं। बाइडेन सरकार में अमेरिका और भारत ने सैन्य अभ्यास, हथियारों की खरीद और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर जैसी चीजें मजबूत हुई हैं। हालांकि, ट्रंप के आने पर भी भारत और अमेरिका के बीच ऐसे ही संबंध बने रहने की संभावना है।

**0 उत्तराखंड के अल्मोड़ा में बड़ा हादसा...**

जबकि कुछ को बाहर निकालना मुश्किल हो रहा है। राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी है, घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया जा रहा है। पुलिस और एसडीआरएफ टीम घटनास्थल पर मौजूद है।

**सीएम धामी ने दिए राहत कार्य के निर्देश**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है और जिला प्रशासन को तत्काल राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रभावित यात्रियों को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाने और जरूरत पड़ने पर गंभीर रूप से घायल यात्रियों को एयरलिफ्ट करने के निर्देश भी दिए हैं।

**छुट्टियों के बाद पहला वर्किंग डे होने की वजह से बस में भीड़ थी**

हादसे के दौरान बस में ज्यादातर स्थानीय लोग सवार थे। दिवाली की छुट्टियों के बाद पहला वर्किंग डे होने के कारण बस में भीड़ ज्यादा थी। घटना के वक्त बस कूपी के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। क्षेत्र में इस दर्दनाक हादसे से मातम छा गया है। बस नदी से करीब 10 फिट ऊपर एक पेड़ में अटग गई। ऐसे में बस में सवार लोग नीचे पत्थरों पर आ गिरे।

**घायलों का इलाज जारी, एम्स से विशेषज्ञ टीम पहुंची**

घायलों को रामनगर अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां से गंभीर रूप से घायल लोगों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से हल्द्वानी शिफ्ट किया जा रहा है। एम्स से एक विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम भी हेलीकॉप्टर के जरिए रामनगर भेजी गई है ताकि घायलों का बेहतर उपचार हो सके। कुछ घायलों को ऋषिकेश एम्स भी भेजा गया है।

**दिल्ली से अल्मोड़ा रवाना हुए सीएम धामी**

हादसे की खबर मिलते ही मुख्यमंत्री धामी दिल्ली में हो रही बीजेपी की एक बैठक को छोड़कर अल्मोड़ा के लिए रवाना हो गए। सांसद अनिल बलूनी भी उनके साथ हैं। अल्मोड़ा एसपी और नैनीताल से पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटे हुए हैं।

**0 डॉक्टर रेप केस : आरोपी संजय रॉय....**

अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और टाला थाने के थानेदार रहे अभिजीत मंडल की केस में संलिप्तता बताई है। सीबीआई ने पिछले महीने पहली चार्जशीट अदालत में जमा की थी। इसमें संजय राय के अलावा संदीप घोष और अभिजीत मंडल के नाम शामिल थे.

संजय राय पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 64 व 66 के तहत आरोप तय किए गए हैं। संदीप घोष और अभिजीत मंडल पर सुबूतों को मिटाने के आरोप हैं। संदीप घोष आरजी कर अस्पताल में वित्तीय भ्रष्टाचार के मामले में भी आरोपित है। उस घटना की भी सीबीआई जांच कर रही है।

**मृतका के माता-पिता ने सुवेंदु से किया न्याय दिलाने का अनुरोध**

मृत महिला डॉक्टर के माता-पिता ने भाजपा विधायक और बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी से न्याय दिलाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा, 'आप अपनी बहन को न्याय दिलाने की व्यवस्था करें।' इस पर सुवेंदु ने कहा कि वे मृतका के माता-पिता के साथ और न्याय नहीं मिलने तक साथ रहेंगे।

**0 केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक में सबसे...**

**जवानों ने लगाई थी अपनी जान की बाजी**

एसपी आई के एलिसेला ने कहा कि, जवानों ने अपनी जान की बाजी लगाई थी जिसके कारण ही जिले में आज नक्सलवाद में कुछ कमी देखी जा रही है। इस मुठभेड़ के ठीक बाद लोकसभा चुनाव में नक्सली किसी तरह की हरकत नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा कि, आगे भी जवान इसी बहादुरी से नक्सल मोर्चे पर तैनात रहेंगे और 2026 तक नक्सलियों को उखाड़ फेंकने के टारगेट तक पहुंचना ही उनका प्रयास होगा।

## संवत 2081 के साथ निवेशकों के लिए खुलेगा बेहतर निवेश का नया रास्ता

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार संवत 2081 के आगमन के साथ ही निवेशकों के लिए बेहतर निवेश का नया रास्ता खोलने जा रहा है। विशेषज्ञों ने शनिवार को कहा कि निवेशकों के पास गतिशील और विकसित होते बाजार में अपने वित्तीय फैसलों को नया रूप देने का अवसर है। यह परंपरा और समृद्धि के साथ, हरित ऊर्जा, टेक्नोलॉजी और फाइनेंशियल सर्विस जैसे सेक्टर में भारत की उच्च-विकास क्षमता के साथ जुड़ी निवेश रणनीतियों को लेकर एक आदर्श समय है। बाजार के जानकारों के अनुसार, भारत की विकास पहल, मजबूत घरेलू मांग और इक्विटी बाजार में घरेलू बचत के बढ़ते रुझान को देखते हुए, आने वाला साल निवेश को लेकर नए मानक स्थापित करेगा। संवत वर्ष 2080 में, निवेशकों की संपत्ति केवल एक वर्ष में 128 लाख करोड़ रुपए (वर्तमान विनिमय दर पर लगभग 1.5 ट्रिलियन डॉलर) बढ़कर 453 लाख करोड़ रुपए हो गई। इससे संवत 2080 सबसे अधिक संपत्ति सृजन वाला वर्ष बन गया, जिसमें स्थिर सरकार, मजबूत बुनियादी ढांचे और घरेलू फंडों द्वारा रिकॉर्ड 4.7 लाख करोड़ रुपये का निवेश शामिल था। संवत 2080 में सोने और चांदी की कीमतों में भी जबरदस्त तेजी देखी गई, दोनों कीमती धातुओं ने क्रमशः 32 प्रतिशत और 39 प्रतिशत का रिटर्न दिया। टेलविंड फाइनेंशियल सर्विसेज के संयुक्त एमडी विवेक गोयल के अनुसार, आज के बाजार में विविधीकरण जरूरी है। उन्होंने आगे कहा, म्यूचुअल फंड, विशेष रूप से इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और नवीकरणीय ऊर्जा में थीमैटिक फंड, किसी भी स्तर पर निवेशकों के लिए दीर्घकालिक विकास के साथ लाभ का संतुलित, सीधा रास्ता प्रदान करते हैं। निफ्टी 50 और सेंसेक्स जैसे इंडेक्स फंड भी भारत की शीर्ष प्रदर्शन करने वाली कंपनियों से पूंजी लगाने के लिए एक सुलभ और कम लागत वाला मार्ग प्रदान करते हैं।

# पिपरिया-खमतरई के बीच बन रहे पुल विवादों के घेरे में

## संगीत विश्वविद्यालय समिति ने सड़क ही नहीं और हो रहा पुल का निर्माण पर लगाई आपत्ति

**खैरागढ़ (दावा)। शहर के पिपरिया वार्ड में अमलीपारा धान खरीदी केंद्र के पिछे पिपरिया से खमतरई जाने के लिए पुल का निर्माण सेतु निगम के व्दारा धड़ल्ले से किया जा रहा है। जो पुल निर्माण से पहले ही विवादों के घेरे में आ गया है, इस पुल निर्माण के लिए रास्ता ही नहीं है और सेतु निगम के व्दारा पुल का निर्माण धड़ल्ले से किया जा रहा है।**

सेतु निगम भले ही 14 साल से सोनेसरार-राइस मिल के पास का पुल पूरा नहीं कर पाया हो, लेकिन पिपरिया से खमतराई को जोड़ने वाली पीएम सड़क पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण धड़ल्ले से हो रहा है। एक तरफ बाइपास में आवाजाही पुल के इंतजार में अटकी हुई है, तो दूसरी ओर सड़क ही नहीं है और पुल का निर्माण पूरा होने जा रहा है। पिपरिया खमतराई सड़क पर बन रहे इस पुल में नया पेंच सामने आया है।
संगीत विश्वविद्यालय आवास समिति ने कलेक्टर से मिलकर की आपति, मांगा मुआवजा

मंगलवार को विघुत विभाग के डीई कार्यालय से लगी निजी कॉलोनी संगीत विश्वविद्यालय आवास समिति के प्लॉट मालिकों ने कलेक्टर से चंद्रकांत वर्मा से मुलाकात की। निर्माण पर आपत्ति दर्ज कराई है, कि जिस सड़क पर पुल जुड़कर कार्ययोजना तैयार की गई है, वह असल में सड़क नहीं बल्कि कॉलोनी की भूमि है।।अब सेतु निगम से लेकर पूरा प्रशासनिक तंत्र बगले झांक रहा है। क्योंकि इसका जवाब किसी के पास नहीं है,कि निजी कॉलोनी में पीएम सड़क का प्रस्ताव किसने तैयार किया। उस पर उच्च स्तरीय पुल की कार्ययोजना किसके कहने पर तैयार की गई।।जिस हिस्से पर सड़क निर्माण की कार्ययोजना बनाई है,उस पर बसाहट ही नहीं है। आवास समिति के अध्यक्ष आलोक सिंह व अन्य सदस्यों ने निर्माण पर आपत्ति करते हुए मुआवजा मांगा है।

### टिकरापारा व शिव मंदिर रोड पर न पुल निर्माण न प्रस्ताव

नगर में चल रहे निर्माण कार्यों में खासकर



कलेक्टर से मिलकर की मुआवजे की मांग

सेतु निगम के निर्माण कार्यों को लेकर न केवल सवाल उठ रहे हैं, बल्कि विभाग भी सवालों के घेरे में है। एक तरफ जहां आज वर्षो से बहुप्रतीक्षित मांग टिकरापारा, शिव मंदिर रोड के रहवासी कर रहे हैं वहां घनी बसाहट वाले वार्ड बाढ़ के दौरान शहर से कट जाते हैं। वहां पर पुल निर्माण तो छोड़ उसकी कार्ययोजना पर भी विचार नहीं हो रहा। वहीं इससे पहले मोंगरा और अब पिपरिया-खमतराई के बीच पुल बन रहा है। जहां सड़क के लिए जमीन ही अधिग्रहित नहीं हुई है और जहां पर सड़क बन चुका है,उस बाइपास पर पुल ही नहीं बन पा रहा है।

### विवि आवास समिति के नाम पर पंजीकृत है जमीन

कॉलोनी के सदस्यों ने कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि ग्राम पिपरिया, तहसील खैरागढ़, जिला राजनांदगांव आवास, समिति के नाम से प.ह.न. 19/1 में खसरा नं. 1760, 1761/2, 1761/3, 1759 /3, 1761/4, 1761/14. 1761/ 15, 1759//1.1759/2.1755 एवं 1761/13 कुल रकबा 310 एकड़ 1761/1. भूमि विश्वविद्यालय आवास समिति के 30 सदस्यों के नाम वर्ष 1998 से पंजीकृत है। नगर और ग्राम निवेश विभाग राजनांदगांव से पारित है। जिस पर ग्राम खम्तराई से पिपरिया नदी पर पुल एवं सड़क निर्माण, लोक निर्माण विभाग कर रहा है। कॉलोनी के सदस्यों ने मुआवजा मांगा है। तीन करोड़ रुपए की लागत से बना रहे पुल, लोकनिर्माण विभाग ने संगीत विश्वविद्यालय की कालोनी की जमीन को बताया सरकारी पिपरिया-खमतराई मार्ग के इस उच्च स्तरीय पुल की लागत 2 करोड़ 82 लाख 92 हजार रुपए है। निर्माण लोक निर्माण विभाग के पुल निर्माण एजेंसी की देख-रेख में ठेकेदार विनोद कुमार जैन कर रहे हैं। सड़क व पुल का ठेका अलग-अलग है। इंजी. ने कहा-पहले हमें उक्त भूमि को सरकारी बताया गया। सेतु विभाग राजनांदगांव इंजीनियर संतोष बिनवार ने बताया कि उक्त भूमि पर लोनिवि ने सड़क निर्माण करने अलाइनमेंट तैयार किया था। कुछ दूर सड़क निर्माण भी कराए। हमें नदी के बीच में पुल निर्माण करना था। हमें पहले बताया गया कि उक्त भूमि सरकारी है। पुल निर्माण शुरू किया तो जमीन मालिक ने शिकायत की। फिर राजस्व विभाग को उक्त भूमि की सीमांकन कर सरकारी और निजी भूमि को चिह्नांकित करने पत्र लिखा। राजस्व विभाग सरकारी और निजी भूमि को चिह्नांकित करेगा फिर मुआवजा की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# भीमाटोला रामायण उत्सव में शामिल हुए विधायक



राजनांदगांव। ग्राम भीमाटोला(रेंगाडबरी) में श्री सतगुरु कबीर नवयुवक समिति एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा दिवाली मिलन समारोह एवं रामायण उत्सव के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लोकप्रिय विधायक माननीय भोलाराम साहू शामिल हुए।

विधायक श्री साहू जी ने कार्यक्रम की शुभारंभ में श्री स्वामी आचार्य मंगल साहेब जी प्रधान न्यासी कबीर मठ ट्रस्ट समिति नदिया के आशीर्वाचन के बाद पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुखद जीवन की कामना करते हुए सभी को दिवाली मिलन समारोह एवं रामायण उत्सव तथा भाई दूज की बधाई एवं शुभकामनायें दिए।इस दौरान डॉ. नरेंद्र साहू, बीरेंद्र मासिया, संत तामेश्वर दास, नंदकिशोर तिवारी, कौशिक राजपूत, गोविन्द चंद्राकर, ललित साहू, दिनेश गुप्ता, इन्द्रपाल तुमरेकी, श्रीमती लिलेश्वरी भुआर्य, श्रीमती सुशीला देवी, पुरषोत्तम नायक, गंगाराम ठाकुर एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष लीलावर भैसारे तथा अन्य सदस्यों सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# रेलवे ने 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' मनाया





राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्यत रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा मंडल में रेलवे के प्रतिदिन के कार्यकलापों में पारदर्शिता को बरकरार रखने तथा उपभोक्ताओ को जागरूक करने के उद्देश से 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक ''सतर्कता जागरूकता सप्ताह'' का आयोजन किया गया। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का मुख्य थीम सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विधिवत शुभारंभ 28 अक्टूबर को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रांगण में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुई। इस पूरे सप्ताबह के दौरान मंडल द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सतर्कता जागरूकता सप्ताकह मनाया गया। इस अवसर पर उदय कुमार भारती-वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी के अध्यक्षता में कार्मिक विभगा द्वारा आयोजित सेमिनार में सहाण्विजिलेंस अधिकारी राजीव कुमार गुप्ता. मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे जिसका मुख्य उद्देश भष्ट्राचार उन्मूलन के प्रति वचनबद्धता की पुनरू पुष्टि करना है तथा रेलवे द्वारा उठाए गए कदमों का प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक उपभोगक्ताओं को लाभ हो।

वही मुख्य कारखाना प्रबंधक विश्वलाल एन.की अध्यक्षता में कारखाना राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं साइबर अपराध और रोकथाम के उपाय विषय पर एक तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में साइबर अपराध शाखाए नागपुर के सहायक पुलिस निरीक्षक विजय भिसे उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित विजय भिसे एवं उनके सहयोगी बबलू ठाकुर ने साइबर अपराध के कारणोंए हम उसके शिकार कैसे बनते है एवं उन पर कैसे नियंत्रण पा सकते है इस बारे में विस्तृत जानकारी पर अपना व्याख्यान किया। साथ ही संगोष्ठी में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की इस बारे में जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। उन्होंने सरकार द्वारा इस बारे में पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का उल्लेख किया। इस दौरान पारदर्शिताएअखंडता और सुशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का पूरा प्रयास किया गया।

# 51 वार्डो में घूमकर पूजा सामग्री इकट्ठा की हरियाली बहनें इससे बनाएंगी अगरबत्ती



राजनांदगांव (दावा)। लक्ष्मी पूजा और दीपावली पूजन के बाद जो पूजा सामग्री इकट्ठा हुई, उसे राजनांदगांव शहर के 51 वाडों में घूमकर हरियाली बहनों ने एकत्र किया। इसके लिए उन्होंने एक गाड़ी भी लगाई थी। मुनादी करते हुए घर-घर जाकर उन्होंने पुष्प और पूजा सामग्री एकत्र की। इन पवित्र फूलों का उपयोग अगरबत्ती बनाने में किया जाएगा। संस्था से जुड़े शिव देवांगन ने बताया कि करीब आधा टन पुष्प एकत्र किया गया है।

# कुम्हालोरी में गौरा-गौरी और भगवान शिव, माता पार्वती तथा भोजली के साथ गांव में शोभायात्रा निकली गई



हरदी (दावा)। ग्राम कुम्हालोरी (सुरगी) में ग्रामवासियों ने बड़े धूमधाम से गौरा-गौरी और भगवान शिव, माता पार्वती तथा भोजली के साथ पूजा अर्चना करके बैंड बाजा बजाते हुए पूरे गांव में शोभायात्रा निकली जिसमें गांव के महिला अधिक संख्या में शामिल हुई इस साल सोमवती अमावस्या का पर्व होने के कारण शनिवार 2 नवंबर तारिख को सुबह शोभायात्रा निकाली गई। साथ ही साथ ग्राम कुम्हालोरी में 3 नवंबर को मातर महोत्सव का भी आयोजन किया गया।

# सिन्हा समाज के 15 युवाओं का एसआई में चयनित



पदाधिकारियों ने घर पहुंच किया अभिनंदन, समाज में हर्ष

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बीते दिनों पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर तथा प्लाटून कमान्डर पद पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। जिसमें सिन्हा कलार समाज के 15 युवक व युवतियों का चयन इन पदों पर हुआ है। पहली बार समाज के अनेक युवाओं का चयन राज्य सेवा में होने पर सिन्हा समाज में हर्ष व्याप्त है। इन सभी युवाओं को बधाई और शुभकामनाएं देने के लिए सिन्हा समाज के प्रदेश संरक्षक दीपक सिन्हा की अगुवाई में जिला व ब्लाक स्तर के पदाधिकारी युवाओं के निज निवास पहुंचे और सभी का सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में सिन्हा कलार समाज के युवाओं का चयन पुलिस सेवा में हुआ है। चयनित अभ्यर्थियों में प्रमुख रूप से अभिषेक कुमार सिन्हा, संजीत जायसवाल, महेन्द्र कुमार जायसवाल, कुलदीप कुमार जायसवाल, कंचन सिन्हा, अभिलाष कुमार सिन्हा, दीपशिखा सिन्हा, मनीष सिन्हा, चन्दूलाल जैन, विकास कुमार गजेन्द्र, तेजेन्द्र कुमार सिन्हा, मुकेश सिन्हा तथा उमेश कुमार सिन्हा का चयन एसआई पद हेतु तथा पुष्पेन्द्र जायसवाल, सतीश कुमार जायसवाल, नवीन जायसवाल, यतन गजेन्द्र, आशीष कुमार सिन्हा, ऐश्वर्य जैन तथा मयंक कुमार सिन्हा का चयन प्लाटून कमांडर पद में हुआ है।

खास बात यह है कि इनमें से 5 राजनांदगांव जिले के ही निवासी हैं। दीपशिखा सिन्हा आ. भोलाराम सिन्हा चिखली राजनांदगांव, मनीष सिन्हा आ. चंद्रभूषण सिन्हा खैरझिटी, मुकेश सिन्हा आ. शत्रुघन सिन्हा खैरझिटी, खेमलाल सिन्हा आ. सादीराम सिन्हा ग्राम ठेलकाडीह तथा यतन गजेन्द्र आ. जोहार लाल गजेन्द्र भंडारपुर डोंगरगढ़ के निवासी हैं।

सिन्हा कलार समाज के जिला प्रचार प्रसार मंत्री बालकृष्ण सिन्हा ने बताया कि बड़ी संख्या में समाज के युवाओं के पुलिस सेवा में चयनित होने पर खुशी और हर्ष व्याप्त है और समाज के लोग इससे गर्व महसूस कर रहे हैं। चयनित सभी युवाओं को समाज के लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज के प्रांतीय संरक्षक दीपक कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पूर्व निर्वाचन अधिकारी पीएल सिन्हा, शहर मंडलेश्वर नाथूराम सिन्हा, राजनंदगांव ग्रामीण मंडलेश्वर प्यारेलाल सिन्हा, कोषाध्यक्ष अशोक सिन्ह, डोंगरगांव मंडलेश्वर भागवत सिन्हा, एलबीनगर मंडलेश्वर उत्तम सिन्हा, सचिव रेवाराम सिन्हा, पूर्व सचिव शिव डड़सेना, एलबीनगर मंडल मिडिया प्रभारी पवन कुमार सिन्हा, राजूराम सिन्हा आदि चयनित युवाओं के घर पहुंचे और उनके साथ परिवारजनो को भी बधाई प्रेषित दी। इस दौरान प्रांतीय संरक्षक दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारे समाज के लिए यह अत्यंत गौरव की बात है। उन्होंनें चयनित युवाओं से समाज के अन्य युवाओं को भी प्रेरित करने की बात कही।

# कलेक्टर ने ली धान खरीदी से संबंधित अधिकारियों की बैठक

मोहला (दावा)।कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने गत दिवस रविवार को धान खरीदी से संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी किसानों से पंजीकृत रकबा के अनुसार धान खरीदी करें।



पूर्ण जवाबदेही के साथ पारदर्शिता पूर्वक धान खरीदी करने के दिये निर्देश

उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि सभी धान खरीदी केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करें। किसी भी धान खरीदी केंद्र में किसी भी किसान को किसी प्रकार की अवस्था ना हो, इस पर विशेष ध्यान रखने कहा गया है। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में जिले में पंजीकृत किसानों की संख्या, पंजीकृत रकबा की जानकारी ली। इसके साथ ही इस वर्ष धान खरीदी के निर्धारित लक्ष्य की जानकारी ली गई। उन्होंने बैठक में वन अधिकार पट्टा के अंतर्गत पंजीकृत किसानों की सूची का मिलान वन विभाग से करने कहा है। धान खरीदी हेतु सभी समिति का सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने सभी धान खरीदी केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदानों की उपलब्धता, धान बेचने आने वाले किसानों के लिए छाया हेतु शेड की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा है।

उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि धान खरीदी के दौरान धान में नमी का नाप अवश्य किया जाए। धान खरीदी केंद्रों में धान की तौल इलेक्ट्रॉनिक मशीन के माध्यम से करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष परिस्थिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अनुमति से तराजू से तौल करने कहा गया है। खरीदे गए धान का संग्रहण के लिए पर्याप्त मात्रा में धान संग्रहण केंद्र की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं। धान खरीदी के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी ना हो यह प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी, उप संचालक कृषि विभाग, जिला प्रबंधक मार्कफेड, जिला प्रबंधक नान, सहायक पंजीयक सहकारी संस्था, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, नोडल अधिकारी कृषि एवं खाद्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# गांव की एकता का प्रतीक है सांस्कृतिक कार्यक्रम- कैलाश शर्मा



भाई दूज के अवसर पर साल्हे मनोरा में संस्कृत आयोजन

खुज्जी (दावा)। ग्राम मन्होरा में भाई दूज के पावन अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी कैलाश शर्मा मुख्य रूप से शामिल हुए।

गांव कि संस्कृति परंपराओं, विश्वासों, जीवन जीने के तरीके से बनी होती है, सबसे आध्यात्मिक से लेकर सबसे भौतिक तक। यह हमें अर्थ देती है, हमारे जीवन जीने का एक तरीका देती है। मनुष्य संस्कृति के निर्माता हैं और साथ ही, संस्कृति ही हमें मानव बनाती है।

समाज सेवी कैलाश शर्मा ने सबको संबोधित करते हुए गांव के सांस्कृतिक विरासत पर लोगों से संवाद करते हुए एकता में अनेकता शिक्षा और आधुनिक समय सुविधा के बारे में सबको अवगत कराया। प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी भाई दूज के अवसर पर मन्होंरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसने बड़ी संख्या में गांव सहित आसपास के ग्रामीणों ने कार्यक्रम का आनंद उठाया।

मन्होर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य श्री दुवारू मालेकर द्वारा किया गया। इस अवसर परसरपंच प्रतिनिधि सुरजू राम पटेल, सरपंच श्रीमति संत्री बाई पटेल भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी दिलेश्वर मानिकपुरी, ग्राम प्रमुख गंगा राम साहू, पंचगण ममता रंगारी, हिरम साहू, शेखर साहू ग्राम सम्मानित नागरिक, रोहित कौशिक, गौतरीहा राम साहू देबी दास, दम्मन साहू, जीवन वारके, रोहित हिरवानी, ग्राम कोटवाल दरबारी राम गंधर्व, और समिति के सदस्य नरेंद्र रामटेके, गिरधारी लाल सिन्हा, यतीश सिन्हा, सुरेंद्र रामटेके, दलेश्वर रामटेके, कोमल साहू, देवेंद्र साहू, दीपक गोंडाने, डेमेन्द्र नेताम, पोषण साहू, खिलावन साहू, आशीष साहू, साहिल गोंडाने, मंच संचालक के रूप में जगन्नाथ हमने, खोमराज साहू, धनराज साहू एवं समस्त आसपास के गांव वासी उपस्थित थे।

# ग्रामवासी, आपसी भाईचारा, प्रेम, सद्भावना एवं परस्पर सहयोग को बनाए रखें- चन्द्रेश ठाकुर



ग्राम मुरेर में किया गया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। बालोद जिले के जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर ने कहा कि हमारे देश एवं समाज की आत्मा गांव में निवास करती है। उन्होंने गांव एवं ग्रामीण संस्कृति को प्रेम, भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द की जन्मस्थली बताते हुए ग्रामवासियों से आपसी भाईचारा, प्रेम, सद्भावना एवं परस्पर सहयोग की महान परंपरा को अक्क्षुण बनाए रखने की अपील की। श्री ठाकुर शनिवार 02 नवंबर को मोहला विकासखण्ड के सुदूर वनांचल एवं अपने गृह ग्राम मुरेर में दीपावली की शुभ रात्रि के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह को संबोधित कर रहे थे।

वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत मार्री के सरपंच श्रीमती गैंदकुंवर ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत मार्री के उप सरपंच जगन्नाथ चुरेन्द्र, ग्राम पटेल थानुराम नुरूटी, लतखोर नुरूटी, मोहन चुरेन्द्र, किशन परतेती, नवलदास साहू, रेशम नुरेशिया, बंशीलाल ठाकुर, गिरधारी पाटिल, कुशल मार्शल गुलाब गावरे, हेमलाल नेताम, नवयुवक समिति के अध्यक्ष राजू गोटा, गौतर कामरो सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम सुवरबोड़ जिला बालोद के कलाकारों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चन्द्रेश ठाकुर ने गांव एवं ग्रामीण संस्कृति के महत्व एवं जीवन पद्धति के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति चाहे दुनिया के किसी भी विश्व विद्यालय एवं बड़े से बड़े शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा अर्जन कर ले किंतु वह भारत को तब तक नही समझ सकता जब तक वह गांव में अपना समय व्यतीत न किया हो। उन्होंने गांव को हमारे गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत, शास्वत एवं नैतिकमूल्यों की संस्कार भूमि बताते हुए ग्रामीणों को एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सहयोग, आपसी विश्वास एवं सुमति को बनाए रखने को कहा। श्री ठाकुर ने ग्रामीणों को एक-दूसरे के सुख-दुख तकलीफ पीड़ा को समझते हुए हर परिस्थिति में एक-दूसरे का सहयोग करने को कहा। उन्होंने नशापान को विनाश का जड़ बताते हुए ग्रामीणों को इससे सर्वथा दूर रहने की अपील की।

श्री ठाकुर ने शिक्षा को समाज व देश के विकास के लिए ब्रह्मस्त्र बताते हुए हमारी आने वाली पीढ़ी को उच्च शिक्षित एवं संस्कारवान बनाने के लिए प्रण लेने को कहा। उन्होंने कहा कि गीत, संगीत और कला का मनुष्य के साथ अन्योनाश्रय संबंध है। श्री ठाकुर ने कहा कि उत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के माध्यम से एक-दूसरे से मिलने-जुलने का भी मौका मिलता है। उन्होंने इस अवसर पर ग्रामीणों को कुरीतियों एवं बुराईयों का परित्याग करने तथा अपने आर्थिक स्थिति को सुधारने की दिशा में भी काम करने को कहा।

# आज पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में राज्योत्सव का भव्य आयोजन: डॉ. रमन होंगे मुख्य अतिथि










o प्रख्यात प्लेबैक सिंगर ऐश्वर्या पंडित के सुमधुर गीत एवं प्रभंजय चतुर्वेदी के भजन होंगे कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण
o सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति अपरान्ह 2 बजे शुरू होगी
o विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाएंगे शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल एवं प्रदर्शनी

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 5 नवम्बर 2024 को जिला मुख्यालय के पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में राज्योत्सव का भव्य आयोजन होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पाण्डेय करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक डोंगरगांव दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकान्त भंडारी, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल एवं समाजसेवी रमेश पटेल उपस्थित रहेंगे।

जिला स्तरीय राज्योत्सव अंतर्गत विभिन्न विकास विभाग की विभागीय महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल योजनाओं की प्रदर्शनी पूर्वान्ह 11 बजे तथा स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति अपरान्ह 2 बजे शुरू होगी।

मुख्य कार्यक्रम अंतर्गत शाम 6 बजे दीप प्रज्जवलन तथा शाम 6.1 बजे से शाम 6.30 बजे तक अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन होगा। शाम 6.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। जिसमें संगीत शिल्पी श्रीमती बाबी मंडल द्वारा भजन व छत्तीसगढ़ी गीत, श्री प्रभंजय चतुर्वेदी द्वारा भजन, प्लेबैक सिंगर सुश्री ऐश्वर्या पंडित द्वारा हिन्दी गायन तथा श्री शरद श्रीवास्तव द्वारा संगीतमयी कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की बेटी बॉलीवुड की प्रख्यात प्लेबैक सिंगर ऐश्वर्य पंडित वर्ष 2015 में इंडिया गोट टैलेंट की गोल्डन बजर विजेता रही हैं। वर्ष 2016 में भारत की शान कार्यक्रम की ग्रैंड फाइनलिस्ट रहीं हैं।

वर्ष 2018 इंडियन आइडल की फाइनलिस्ट रही हैं। सारे गा मा पा कार्यक्रम में स्वर्ण पदक विजेता रही हैं। उन्होंने फिल्म द पावर, कुटुम्ब, परमाणु एवं कई सीरियल में प्लेबैक सिंगर के रूप में गायन के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। ऐश्वर्या पंडित ने अमेरिका, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, दुबई, टर्की, इस्ताम्बुल एवं अन्य देशों में भी अपनी गायन प्रतिभा से देश का नाम रोशन किया है। सुप्रसिद्ध भजन एवं गजल गायक श्री प्रभंजय चतुर्वेदी देश के ख्यातिप्राप्त भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा के शिष्य हैं। मैराथन भजन गायन के लिए उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। वे रेडियो एवं टीवी कलाकार भी हैं।

# वन्यजीव बोर्ड का गठन तीन विधायक शामिल



## जिले से एकमात्र नीलकंठ गढ़े बने बोर्ड के मेम्बर

रायपुर (दावा)। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड का गठन किया गया है। इस बोर्ड में तीन विधायकों धर्मजीत सिंह, चैतराम अटामो और गोमती साय को शामिल किया गया है। इनके अलावा अन्य अशासकीय संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले तीन सदस्य- ख्यातिप्राप्त संरक्षण विदों, परिस्थितिकीय एवं पर्यावरण विदों का प्रतिनिधितत्व करने वाले सदस्य, अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व करने वाले दो सदस्य शामिल किए गए हैं।

अशासकीय संगठन का प्रतिनिधित्व करने वाले तीन सदस्य, जिनमें एक विश्व प्रकृति निधि, 172 बी, लोधी स्टेट नई दिल्ली की ओर से नामांकित व्यक्ति, दूसरा कन्जर्वेशन कोर सोसाइटी बिलासपुर, छत्तीसगढ़ की ओर से नामांकित व्यक्ति, तीसरा नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी रायपुर, छत्तीसगढ़ की ओर से नामांकित व्यक्ति। इसके अलावा ख्यातिप्राप्त संरक्षणविदों, पारिस्थितिकीविद एवं पर्यावरणविदों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों में डॉ. आरके सिंह, सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक, रायपुर, शिरीषचंद्र अग्रवाल, सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), छत्तीसगढ़, डॉ. एमएल नायक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, डीडीनगर, रायपुर, डॉ. एबी श्रीवास्तव, भूतपूर्व डायरेक्टर, स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फोरेंसिक एंड हेल्थ, जबलपुर, गौरव निहलानी, अवंति विहार, रायपुर, गोपाल अग्रवाल, वन्यप्राणी विशेषज्ञ, संकल्प पर्यावरण संरक्षण समिति, कचना रायपुर, प्रभात दुबे, अंबिकापुर, मोहित साहू, पक्षी विशेषज्ञ, रायपुर। अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य नीलकंठ गढ़े राजनांदगांव, मंगऊ कावडे, एडका, जिला नारायणपुर शामिल किए गए हैं।

भाजपा के अजजा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नीलकण्ठ एक लंबे समय से पार्टी में सक्रिय है। पार्टी के साथ ही आदिवासी समाज को मजबूत करने में उनका बड़ा योगदान है। श्री गढ़े केन्द्रीय गोंड़वाना महासभा के महासचिव भी है। इस मनोनयन पर गोंडवाना महासभा के अध्यक्ष व आदिवासी नेता एम. डी. ठाकुर सहित अन्य आदिवासी नेताओं ने श्री गढ़े को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पूर्व सांसद मधुसूदन यादव का विपक्ष पर हमला, बोले- प्रदेश में हर आतंक और अपराध के पीछे कांग्रेस का हाथ



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा कार्यालय में आज भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने पत्रकारवार्ता में कहा कि जब हम प्रदेश का पचीसवां राज्योत्सव मना रहे हैं, वहां बड़े ही दुःख और चिंता के साथ कांग्रेस की कारगुजारियों को आपके बीच रखने की विवशता है। प्रदेश में जहां भी अपराध और तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसकी जड़ में कांग्रेस है। भाजपा का स्पष्ट आरोप है कि कांग्रेस जानबूझकर छत्तीसगढ़ को आग में झोंकना चाहती है। इसलिए पहले खुद अपराध को अंजाम देती है, षड्यंत्र रचती है। फिर उस पर सरकार की घेरने में उसके बड़े नेता लग जाते हैं। यह कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर तय हुई साजिश के तहत हो रहा है कि समूचे देश-प्रदेश को अराजकता में धकेल दो, फिर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करो। भय और आतंक का वातावरण निर्माण करो। छत्तीसगढ़ में भी हर आतंक और अपराध के पीछे कांग्रेस का ही खूनी पंजा है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार और छत्तीसगढ़ समेत तमाम राज्यों में हुए सफ़ाये से अब जनता में प्रति बदले की भावना से भरी हुई है। वह समाज में अशांति फैलाने का काम कर रही है। अभी दामाखेड़ा में कबीरपंथ ही नहीं समूचे प्रदेश के आस्था के केंद्र में हमला करने वाला भी कांग्रेस का सक्रिय कार्यकर्ता निकला है। इसका प्रमाण स्वयं प्रकाशमुनि साहब के फेसबुक के पोस्ट में है। प्रकाशमुनि साहेब ने अपने फेसबुक पोस्ट में इस बात का उल्लेख किया है कि इस घटना में भी अपराधी सरपंच पति कांग्रेस पार्टी का ही कार्यकर्ता है। प्रकाशमुनि साहब ने स्पष्ट यह आरोप लगाया है कि दामाखेड़ा की घटना को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। कांग्रेस के इस कृत्य की जितनी भर्त्सना की जाए कम है। इसी तरह आपने देखा कि बलौदाबाजार में किस तरह योजनाबद्ध तरीके से कलेक्टर और एसपी कार्यालय जलाये गये। इस प्रकरण में कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव के साथ-साथ सैकड़ों कांग्रेसी जेल में बंद हैं। महीनों बाद भी किसी अदालत ने इन्हें अगर जमानत देने लायक भी नहीं पाया है तो समझा जा सकता है कि इनके खिलाफ साक्ष्य कितने मजबूत हैं।

श्री यादव ने आगे कहस कि इसी तरह सूरजपुर में पुलिस अधिकारी की पत्नी और बच्चे की जघन्य हत्या करने वाला एनएसयूआई का जिला महासचिव था तथा एनएसयूआई का जिलाध्यक्ष भी इस घृणित कृत्य में जिम्मेदार था। इस घिनौने कृत्य पर भी कांग्रेस उल्टे चोर कोतवाल को डाँटे की तर्ज पर राजनीति कर रही थी। सवाल उठता है कि क्या ये अब अपनी गंदी राजनीति चमकाने के लिए नरसंहार आदि को भी प्रायोजित करने से बाज नहीं आ रहे हैं? यह प्रश्न निराधार तो नहीं लगता। अगर ऐसा है, जो कि लग रहा है तो साफ कहा जा सकता है कि कांग्रेस अब एक गिरोह में बदल चुकी है। लोहारीडीह कांड में भी बार-बार गाँव में अशांति फैलाने और दो समूहों को लड़वाने का काम कांग्रेस कर रही है। यदि उन्हें पता है कि दोषी और निर्दोष कौन है तो बता दे पुलिस को या पुलिस को जाँच करने दे। यही नहीं केशकाल में युवा कांग्रेस का ब्लॉक उपाध्यक्ष 500 रुपये के लाखों के नक़ली नोट के साथ पुलिस के गिरफ्त में है। कांग्रेस के नेता और उनसे संबंधित अधिकारियों पर कोयला घोटाला, शराब घोटाला, पीएससी घोटाला, महादेव घोटाला आदि के आरोप हैं। कांग्रेस की इन कृत्यों को छत्तीसगढ़ क़तई सहन नहीं करेगा। भाजपा की हमारी सरकार तो प्रदेश में हर क़ीमत पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कटिबद्ध है ही, हमारा संगठन भी लोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस का मुक़ाबला करने तैयार है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस की आपराधिक कृत्य के विरोध में सभी ज़िला मुख्यालय में पुतला दहन किया जायेगा। कांग्रेस को स्पष्ट चेतावनी दी जा रही है कि वह अपने कृत्यों से बाज आये, अन्यथा उससे हर स्तर पर दो-दो हाथ करने भाजपा के कार्यकर्ता तैयार हैं। कांग्रेस को प्रदेश में अशांति, अराजकता और आतंक फैलाने और फिर उस आग पर अपना हाथ सेंकने की छूट हम बिल्कुल नहीं दे सकते। दामाखेड़ा की कबीरपंथ के आचार्य जी के निवास में हुए हमले की भाजपा घोर भर्त्सना करती हैं और इसके पीछे के षड्यंत्र की पता लगाकर दोषियों को, चाहे वह कितना ही बड़ा कांग्रेसी क्यों न हो, सलाखों के पीछे भिजवाने बिना भाजपा चैन से नहीं बैठेगी। पत्रकारवार्ता में जिलाध्यक्ष रमेश पटेल, दिनेश गांधी, बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, रविन्द्र वैष्णव, योगेश दत्त मिश्रा, आकाश चोपड़ा, गोलू सूर्यवंशी आदि उपस्थित थे।

# बखरूटोला की बेटी बनी पुलिस उप निरीक्षक



o 25 दिन के भीतर ट्रेनिंग कैंप में देंगी ज्वाइनिंग
o प्रशासनिक सेवा में बड़े पदों पर जाना मुख्य लक्ष्य
o ग्राम पंचायत सचिव जगन्नाथ साहू की लाडली है सोनिया

छुरिया (दावा)। ब्लाक मुख्यालय से महज 9 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बखरूटोला के कृषक एवं ग्राम पंचायत जोब के सचिव जगन्नाथ साहू की सुपुत्री सुश्री सोनिया साहू का चयन पुलिस उप निरीक्षक (एसआई) के पद पर हुआ है।

सुश्री सोनिया/जगन्नाथ साहू के इस सफलता व गौरवमयी उपलब्धि पर ग्राम व पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। इसी ग्राम के मूल निवासी एवं छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक मंच के प्रदेशाध्यक्ष जाकेश साहू ने बताया कि सोनिया बचपन से ही मेघावी व होनहार रही है। उनकी पढ़ाई गांव में तत्कालीन समय में संचालित इंग्लिश मीडियम (केजी वन/केजी टू) स्कूल प्राथमिक शाला, ज्ञान मंदिर स्कूल छुरिया, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी छुरिया, बीएससी रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया, एमए इंग्लिश महाविद्यालय राजनांदगांव, कोचिंग झूलकर कोचिंग आदि में पढ़ाई संपन्न हुआ।

एसआई सोनिया साहू ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, दादा दादी, चाचा चाची, भाई बहन, समस्त गुरुजनो, शुभचिंतकों एवं इष्ट मित्रों को दी है। एसआई के अलावा अभी पीएससी की तैयारी कर रही है तथा लक्ष्य प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करके राज्य प्रशासनिक सेवा का अफसर बनना है।

क्षेत्र में स्कूली छात्र छात्राओं व प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों के लिए प्रेरणाश्रोत बने एसआई सोनिया साहू ने कहा है कि किसी भी चीज को लक्ष्य लेकर चलने और गहन तैयारी करने से सफलता सुनिश्चित है। बिना लक्ष्य व कठोर परिश्रम के सफल होना मुश्किल है। अपनी सफलता में माता पिता व परिवार का सहयोग महत्वपूर्ण रहा।

एसआई सोनिया साहू के सफलता पर भाजपा नेता पद्मभूषण साहू, बेला बाई साहू, ग्राम पटेल रूपेंद्र साहू, ग्राम प्रमुख कुलदीप साहू, पंचगण राधेलाल मंडावी, घनश्याम दास साहू, पन्ना लाल साहू, महेंद्र नेटी, रोहिदास कल्लो, साहू समाज अध्यक्ष गिरवर लाल साहू, आदिवासी समाज प्रमुख कृपा राम पड़ोटी, कली राम ठाकुर, सेवानिवृत डिप्टी रेंजर माधो लाल साहू, वन प्रबंधक कमेल राम पड़ोटी, शिक्षक गण सदाशिव सलामें प्राचार्य, भाटिया मैडम, ओमप्रकाश यादव, जगदीश साहू, हेमंत ऊके, प्रेमलाल साहू, दूरदार्शन चंद्रवंशी, मोहित राम साहू, हरिश्चंद्र नेताम, टिकेश्वर साहू, मुकेश साहू, शिक्षिका लीला साहू, देवबती साहू, पीएचई पुरुषोत्तम पड़ोटी, सेल्समैन शंकर साहू, नगर सैनिक घनश्याम दास साहू, पूर्व सरपंच देवसागर गुप्ता, वरिष्ठ नागरिक सुखराम साहू, चरण साहू, सुखचरण साहू, तुलसी राम साहू, बृजमोहन दास साहू, बलदेव साहू, चंद्रशेखर साहू, राजकुमार साहू, बरसन नेताम, गोदावरी पड़ोटी, धम्मन सिंह साहू, देवचंद साहू, हितेश गुप्ता, शिवदास साहू, तिजूराम साहू, प्रमोद ठाकुर, रमेश बहादुर सलामें, बीमा अभिकर्ता हरेंद्र (शंकर साहू) महिला समूह के पंचों बाई साहू, रीना गुप्ता, रूखमणि साहू, सीता साहू, रीना भारती साहू, तीरथ साहू, रामेश्वरी साहू, बंटी साहू, बीनू, लाकेश सहित समस्त ग्रामवासियों, ईष्टमित्रों एवं सहपाठियों ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

# पार्षद ऋषि शास्त्री ने श्रीभगवद्गीता भेंट कर किया नए आयुक्त का स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के नए आयुक्त अतुल विश्वकर्मा का पदभार ग्रहण करने पर पार्षद ऋषि शास्त्री ने श्रीभगवद्गीता भेंट कर उनका स्वागत किया। शास्त्री ने इसे जीवन में मार्गदर्शन का प्रतीक बताया। आयुक्त ने शहर के विकास और जनकल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।




# अतुल विश्वकर्मा ने निगम आयुक्त का पदभार ग्रहण किया



राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम के नवागत आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने आज अपरान्ह में पदभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि छ.ग.शासन सामान्य प्रशासन विभाग, महानदी भवन मंत्रालय रायपुर के आदेश क्रं. एफ-1/52/2024/एक/4 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 28 अक्टूबर 2024 द्वारा अतुल विश्वकर्मा (राप्रसे, पी-2016) संयुक्त कलेक्टर, राजनांदगांव को आयुक्त, नगर पालिक निगम राजनांदगांव के पद पर अस्थाई रूप से, आगामी आदेश पर्यन्त तक पदस्थ किया गया है। उक्त आदेश के परिपालन में श्री विश्वकर्मा ने आज अपरान्ह 12 बजे नगर निगम कार्यालय पहुंच कर आयुक्त अभिषेक गुप्ता से पदभार ग्रहण किया एवं नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि पारिवारिक माहोल में मिलजुल कर राजनांदगांव के विकास के लिये कार्य करना है।




# राजनांदगांव बिजली में अव्वल, अब सौर ऊर्जा में भी आगे बढ़ रहा



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव में देश का सबसे पहला और बड़ा ऑन ग्रेट सोलर सिस्टम प्लांट है। यह 120 मेगावाट का प्लांट बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम पर चलता है। जिससे रात में गांवों को बिजली मिलेगी। इससे 5 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन होता है और 4.50 लाख टन कार्बन उत्सर्जन कम होने का अनुमान है।

## 500 गीगावॉट करने का लक्ष्य

प्रदेश में अभी सभी स्त्रोतों से कुल बिजली का उत्पादन 7858 मेगावाट है। इसका 7 प्रतिशत उत्पादन सोलर एनर्जी का है। छत्तीसगढ़ में 517 मेगावाट सोलर एनर्जी की क्षमता है। वर्ष 2030 तक केंद्र ने सोलर एनर्जी की क्षमता 500 गीगावॉट करने का लक्ष्य रखा है।

यह प्लांट सोलर कॉरपोरेशन आफ इंडिया और छत्तीसगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने मिलकर तैयार किया है। यह प्रोजेक्ट राज्य अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण के माध्यम से शुरू किया गया है। यह परियोजना देश में उत्कृष्ट मॉडल है।

# प्रदेश के शालीन वातावरण को दूषित करने का कुतर्क कर रही कांग्रेस- भाजयुमो



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान व प्रदेश भाजयुमो नेतृत्व रवि भगत तथा जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के मार्गदर्शन में जिला भाजयुमो राजनांदगांव के द्वारा पुतला दहन किया गया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि कबीरपंथ आस्था केंद्र दामाखेड़ा आश्रम में वंशाचार्य उदित मुनि साहब के ऊपर हमला कर उन्हें जान से मारने का षडयंत्र किया गया था जिसमें कांग्रेस की संलिप्तता पाई गई। पंथ श्री प्रकाशमुनि साहब ने प्रमाणित किया कि पुरानी रंजिश को लेकर योजना तैयार की गई थी साजिश को अंजाम देने के लिए सरपंच पति जो कांग्रेस का पदाधिकारी है ऐसे ही बीते दिनों बलौदाबाजार, सूरजपुर, कवर्धा सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रदेश का वातावरण दूषित करने व अशांति फैलाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है ऐसे तमाम घटना में आखिरकार कांग्रेस के ही पदाधिकारी शामिल क्यों होते है कही न कही प्रदेश में अराजकता का माहौल बनाने कांग्रेस के बड़े नेता प्रयोजन सिद्ध कर रहें है जिसे भाजयुमो बर्दास्त नही करेगी कांग्रेस के काले सच को जनता के बीच लाने भाजयुमो के द्वारा आज सांकेतिक रूप से पुतला दहन किया गया साथ ही कांग्रेस नेतृत्व को खूब कोसा गया। विरोध प्रदर्शन करने के अवसर पर जिला भाजयुमो महामंत्री गोलू सूर्यवंशी, भाजपा मंडल महामंत्री प्रशांत गुप्ता (गोलू), भाजपा उपाध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया, हेतल भोजानी, विनोद श्रीरंगे, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, विक्रांत श्रीवास्तव, आशुतोष सिंह, साकेत वैष्णव, द मं. भाजयुमो शहर अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव, महामंत्री आशीष जैन, उपाध्यक्ष नितेश नायक, सुवितेश श्रीवास्तव, अमितेश झा, रोहित सिन्हा, विकास साहू, आशीष सिन्हा, सौरभ सिंह राजपूत, अंकित देवांगन सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com